

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 275

ग्वालियर, शुक्रवार 24 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## योगी ने छात्र-छात्राओं से कहा, रोजाना हिन्दी-अंग्रेजी का एक-एक अखबार जरूर पढ़ना चाहिए

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री योगी बच्चों का हौसला बढ़ा रहे हैं। लगातार मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक तथा अध्यापकों से भेंट करने के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ उनके साथ संवाद भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर हाईस्कूल तथा इंटर में लखनऊ के शीर्ष दस स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सभी से कहा कि आप लोगों को तेजी से आगे बढ़ने के लिए हिन्दी-अंग्रेजी का एक-एक अखबार जरूर पढ़ना चाहिए। इससे आपको एक ही जगह पर देश-दुनिया, राज्य और स्थानीय खबरों की जानकारी मिलेगी। आप की आज की पढ़ी गई खबर कल के लिए जनरल नॉलेज का आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि अखबार में संपादकीय पेज तो जरूर पढ़ना चाहिए, जिससे कि आपको समग्र ज्ञान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तय स्कूली पाठ्यक्रम के अलावा आपको देश-दुनिया के समसामयिक स्थिति से अपडेट रहना चहिए। इसके लिए अखबार एक अच्छा माध्यम है। दिनचर्या में एक समय अखबार पढ़ने के जरूर रखें। अखबारों के सम्पादकीय पृष्ठ



विचारों से परिपूर्ण होते हैं। अलग-अलग विचारों को पढ़कर आप किसी विषय में अपना नजरिया तय कर सकते हैं। यह आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में आपके लिए उपयोगी साबित होगा। हर विद्यार्थी को पुस्तकालय जाने की आदत जरूर डालनी चाहिए। प्रयास करें कि माह में कम से कम कोई एक पुस्तक जो पाठ्यक्रम से अलग हो, जरूर पढ़ें। प्रश्न पत्र विद्यार्थी के मानसिक स्तर को जांचने का एक माध्यम होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों को किसी परीक्षा के नाम से घबराना नहीं है, बल्कि उस दिनचर्या का एक सहज हिस्सा मानकर उसके साथ जुड़ जाना है। प्रश्न पत्र विद्यार्थी के मानसिक स्तर को जांचने का एक माध्यम होता है। प्रश्न पत्र बहुत क्लिष्ट हो तो यह अच्छे परीक्षक की निशानी नहीं होती। प्रश्न पत्र सहज हो, सरल हो व हर बच्चे के मानसिक स्तर को जांचने का माध्यम बन सके कि वह बौद्धिक रूप से कितना परिपक्व हुआ है। आप लोग हाईस्कूल या इंटर पास कर चुके हैं, तब पुस्तक को घर में रखने, कूड़ेदान में फेंकने की बजाय या फिर रद्दी मानकर बेचने की बजाय उस विद्यालय की लाइब्रेरी को दान कर दें।

## राजस्थान में पिछले दो महीने में 7 बाघ और उनके शावकों की मौत

**जयपुर।** पिछले दो महीने राजस्थान के बाघों के लिए बेहद जानलेवा साबित हुए हैं। इस अवधि में राजस्थान में एक के बाद एक करके सात बाघ और उनके शावकों की मौत हो चुकी है।



बाघिन टी-61 की मौत के बाद शुरू हुआ ये सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक बाघ की मौत होती जा रही है । राजस्थान में लगातार तेजी से बढ़ रहे बाघों की मौत के मामले चिंता को बढ़ा रहे हैं। हालांकि इससे वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है लेकिन वह अपनी नाकामी छिपाने के लिये टाइगर्स की मौत के अजीब-अजीब कारण बता रहा है। बीते 13 मई को रणथम्भौर में जमादो नाले में बाघिन टी-61 का शव मिला था। बताया जा रहा है बाघिन टी-61 की मौत ऊंचाई से गिरने के कारण हुई। 24 मई को खंडार रेंज में बाघिन टी-69 मादा शावक का शव मिला था। 5 जून को बाघ टी-34 उर्फ कुंभा का शव रणथम्भौर के जोन नंबर 6 में मिला।

## भारत-अमेरिका की दोस्ती से इमरान को लगी मिर्ची, कहा अमेरिका भारत को ताकतवार बनाना चाहता हैं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सत्ता से बाहर होने के बाद भी पूर्व पीएम इमरान खान लगातार मीडिया की लाइमलाइट में बने हुए हैं। लेकिन इसके साथ ही इमरान कुर्सी पर रहे या हुकूमत से बाहर पीएम मोदी और भारत



हालिया कुछ महीनों से उनका पसंदीदा टॉपिक बना हुआ है। कभी इमरान हिन्दुस्तान को खुद्दार मुल्क बताते हैं, कभी पीएम मोदी की विदेश नीति के गुण गाते हैं। वहीं अमेरिका भी इमरान के निशाने पर लगातार रहता है। अब पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इमरान खान इन दिनों भारत और अमेरिका कि दोस्ती को लेकर परेशान हैं। इमरान खान भारत-अमेरिका के बीच बढ़ती दोस्ती से टेंशन में हैं। उन्होंने दावा किया कि बाइडेन प्रशासन एक मजबूत भारत चाहता है, जो चीन का मुकाबला करे। इमरान ने कहा कि वाशिंगटन चाहता है कि इस्लामाबाद इजरायल को मान्यता दे, कश्मीर पर अपना दावा छोड़ दे और भारत के अधीन काम करे। पूर्व प्रधानमंत्री ने दावा किया कि अमेरिका अपने हितों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान को एक टिशू पेपर के रूप में इस्तेमाल करना चाहता है। साथ ही इमरान ने सत्तारूढ़ शरीफ सरकार को कथित तौर पर आर्थिक मदद के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के सामने झुकने के लिए फटकार लगा दी।

# मुझे सत्ता से कोई मोह नहीं, कुर्सी छोड़ने के लिए तैयार हूं: उद्धव ठाकरे

### बाल ठाकरे ने 30 साल पहले भी की थी इस्तीफे की पेशकश, क्या इस बार उद्धव की बात मानेंगे शिव सैनिक?

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की राजनीति में तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा। मुखयमंत्री उद्धव ठाकरे की किस्मत दांव पर है। शिव सेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे ने ठाकरे का सारा खेल बिगाड़ दिया है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्हें सत्ता से कोई मोह नहीं और वो अपनी कुर्सी छोड़ने के लिए तैयार हैं। कुछ ऐसा ही वाकया 30 साल पहले यानी 1992 में हुआ था। उस वक्त शिव सेना के सुप्रिमो बाल ठाकरे ने भी इस्तीफे की पेशकश कर हर किसी को हैरान कर दिया था । दरअसल पार्टी के कई नेताओं ने उनकी कार्यशैली पर उस वक्त सवाल उठाए थे। एक अंग्रेजी अखबार के मुताबिक बाल ठाकरे ने पार्टी के मुखपत्र सामना में लिखा था,



अगर एक भी शिवसैनिक मेरे और मेरे परिवार के खिलाफ खड़ा होकर कहता है कि मैंने आपकी वजह से शिवसेना छोड़ी या आपने हमें चोट पहुंचाई, तो मैं एक पल के लिए भी शिवसेना प्रमुख के रूप में बने रहने के लिए तैयार नहीं हूं। बाल ठाकरे के इस लेख का शिव सैनिकों पर खासा प्रभाव पड़ा था । शिवसेना भवन के सामने लाखों कार्यकर्ता उनके समर्थन में जमा हो गए थे। इसके बाद पार्टी पर उनकी पकड़ और मजबूत हो गई थी। इसके बाद अगले 20 साल तक उन्हें इस तरह के विद्रोह का सामना कभी नहीं करना पड़ा। अब 30 साल बाद उद्धव ठाकरे भी उसी मोड़ पर पहुंच गए हैं। लेकिन सवाल उठता है कि क्या उनकी भावुक अपील का एकनाथ सिंदे पर असर पड़ेगा। कोरोना संक्रमित होने के चलते उद्धव ठाकरे फेसबुक के जरिए लाइव आए। उन्होंने कहा ?कि मेरे अपने विधायक मुझ पर विश्वास नहीं कर रहे हैं। अगर उन्हें लगता है कि मुझे मुख्यमंत्री नहीं रहना चाहिए तो सामने आकर बोलें, मैं तुरंत इस्तीफा दे दूंगा। मैं इस्तीफा के लिए तैयार हूं, लेकिन अगला मुख्यमंत्री शिवसेना का होगा तो मुझे दिक्कत नहीं, बहुत खुशी होगी। तकलीफ इस बात की है कि एनसीपी और कांग्रेस मुझ पर भरोसा कर रहे हैं, लेकिन वो मेरे अपने नहीं। शिवसेना प्रमुख उम्मीद कर रहे होंगे कि ये भावनात्मक संबोधन उन सैनिकों के साथ तालमेल बिठाएगा जो पार्टी की तरह ठाकरे परिवार की शपथ लेते हैं। शिवसेना नेता पिछले दो दिनों से दोहरा रहे हैं कि अतीत में इस तरह के हर विद्रोह के बाद पार्टी मजबूत हुई है।

### बागी विधायक मुंबई वापस लौटे, तब होगा महाविकास अघाडी से बाहर निकलने पर फैसला

**मुंबई।** शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के विद्रोह के बीच, पार्टी सांसद संजय राउत ने गुरुवार को को कहा कि अगर असम में डेरा डाले हुए बागी विधायकों का समूह 24 घंटे में मुंबई लौटकर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ मामले पर चर्चा करता है, तब शिवसेना महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार छोड़ने के लिए तैयार है। शिंदे वर्तमान में शिवसेना के 37 बागी विधायकों और नौ निर्दलीय विधायकों के साथ गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं, जिसने पार्टी के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को संकट में डाल दिया है। एमवीए सरकार में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस भी साझेदार हैं। राउत ने कहा, आप कहते हैं, कि आप असली शिवसैनिक हैं और पार्टी नहीं छोड़ेंगे। हम आपकी मांग पर विचार करने के लिए तैयार हैं।

## अग्निपथ के विरोध में रेलवे की हजार करोड़ की संपत्ति स्वाहा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की सैनिकों की भर्ती से जुड़ी %अग्निपथ योजना% के विरोध में देश में जगह-जगह आगजनी की घटनाएं देखने को मिलीं। विरोध की इस आग में सबसे ज्यादा नुकसान रेलवे को हुआ। प्रदर्शनकारियों ने रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और दर्जनों ट्रेनों को आग के हवाले कर दिया। रेलवे ने 18 जून को बताया था कि उसे चार दिन के प्रदर्शन में ही 700 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। अग्निपथ योजना के विरोध में युवाओं ने अब तक रेलवे की जितनी संपत्ति फूंक दी है, उतनी संपत्ति का नुकसान तो रेलवे को एक दशक में भी नहीं हुआ था। अग्निपथ के विरोध प्रदर्शन में अब तक रेलवे को एक हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। जबकि, एक दशक में सवा चार सौ करोड़ रुपये की संपत्ति को नुकसान हुआ था। देश में विरोध प्रदर्शन हो या कोई आंदोलन हो, प्रदर्शनकारी अक्सर रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे पहले इसी साल जनवरी में आरआरबी-एनटीपीसी एग्जाम के रिजल्ट को लेकर भी अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया था। उस समय भी रेलवे की करोड़ों रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया था। रेल मंत्रालय से मिले आंकड़ों के मुताबिक, 2020-21 में रेलवे को कानून व्यवस्था बिगड़ने और विरोध प्रदर्शनों के चलते 467.20 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ था। इसमें से 465 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान अकेले पंजाब में हुआ था। इसकी एक वजह किसान आंदोलन भी रही। इससे पहले 2019-20 में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा नुकसान रेलवे को हुआ था। इस साल रेलवे की संपत्ति का नुकसान हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा होने का अनुमान है। प्रदर्शनकारियों के ट्रेनों को जलाने और पटरियों को नुकसान पहुंचाने से रेलवे को नुकसान तो हो ही रहा है।

## जबतक भाजपा की विदाई नहीं होती, भारतीय लोगों की दुर्दशा जारी रहेगी



**गुवाहाटी।** असम इनदिनों भयंकर बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ से लगभग असम के 32 जिलों के 55 लाख लोग प्रभावित हैं। हालांकि असम इस बार एक और कारण से सुर्खियों में है। दरअसल, महाराष्ट्र में हो रही राजनीतिक उठापटक का केंद्र गुवाहाटी बना हुआ है। दरअसल, शिवसेना के बागी विधायक गुवाहाटी के होटल में ठहरे हुए हैं। विपक्ष इस भाजपा की साजिश बता रहा है। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने फिर से भाजपा और केंद्र तथा प्रदेश सरकार पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा है। गौरव गोगोई ने कहा कि असम बाढ़ की चपेट में हैं, भाजपा के लोग राजनीति में व्यस्त हैं। उन्होंने इसके लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर भी निशाना साधा।

गोगोई ने कहा कि हमें जब केंद्र से मानवीय मदद की जरूरत थी, तब उनमें सिर्फ सत्ता की भूख और लालच दिखाई दी। मुख्यमंत्री कहते हैं कि बाहर से जब लोग आएंगे, होटल में रुकते हैं, तब राजस्व बढ़ेगा जिससे हम बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि क्या उनके इतने बुरे दिन आ गए हैं कि वह होटलों के भाड़े से बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद करेगी? क्या आपने प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह से राहत राशि की मांग की? अगर राज्य की अर्थव्यवस्था इतनी खराब है तब क्या आपने उनसे मदद मांगी? इसके साथ उन्होंने कहा कि मुख्यधारा के चैनल जो गुवाहाटी में राजनीतिक समाचारों को कवर कर रहे हैं, कृपया सिलचर और करीमगंज में लोगों की हताशा को कवर करें। उनके पास पानी नहीं है, लोग मर रहे हैं और शमशान पानी से भर रहे हैं। मुझे कई फोन आ रहे हैं और ज्यादा से ज्यादा मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके पहले कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा था कि महाराष्ट्र के (बागी) विधायकों की निगरानी के लिए सरकारी संसाधानों का स्थानांतरण बाढ़ के मद्देनजर निर्दयी और नृशंस है। उन्होंने ट्वीट किया कि जबतक भाजपा की विदाई नहीं होती। भारतीय लोगों की दुर्दशा जारी रहेगी।

## राष्ट्रपति पद के लिए मुर्मू की उम्मीदवारी की समाज के सभी वर्गों में हो रही सराहना : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी की देश भर में सभी वर्गों द्वारा सराहना की जा रही है। राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने अपने गृह राज्य ओड़िशा से दिल्ली पहुंची मुर्मू से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहा। पीएम मोदी ने ट्विटर पर मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। मोदी ने कहा, द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात की। राष्ट्रपति पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का देश भर में और समाज के सभी वर्गों द्वारा सराहना की जा रही है। जमीनी समस्याओं के प्रति उनकी समझ और भारत के विकास को लेकर उनकी दृष्टि उत्कृष्ट है।'' राजग की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार



घोषित होने के बाद मुर्मू गुरुवार को दिल्ली पहुंचीं। जहां सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। मुर्मू (64) प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

**गृहमंत्री अमित शाह व उपराष्ट्रपति से मिलीं द्रौपदी मुर्मू; राष्ट्रपति पद के लिए आज भरेंगी नामांकन:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद गृहमंत्री अमित शाह और उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू से भी एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने मुलाकात की। 24 जून, शुक्रवार को द्रौपदी मुर्मु अपना नामांकन भरेंगी। गुरुवार को मुर्मू दिल्ली आई हैं। एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। विपक्ष ने पद के लिए यशवंत सिन्हा को अपना उम्मीदवार बनाया है। 18 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव होना है। इसके लिए नामांकन की अंतिम तारीख 29 जून तक है, चुनाव परिणाम की घोषणा 21 जुलाई तक होगी। बता दें कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। मुर्मू के नामांकन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित एनडीए के विभिन्न वरिष्ठ नेता उनके साथ मौजूद रहने वाले हैं।

## डेढ़ महीने में केदारनाथ यात्रा में 175 घोड़ा-खच्चरों की हुई मौत

**रुद्रप्रयाग।** आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व वाली केदारनाथ यात्रा पूरे जोर पर है पर इनमें बेजुबान जानवर काल का ग्रास बन रहे हैं, बावजूद इसके वे अपने मालिकों की जेब भर गए। केदारनाथ यात्रा में 46 दिनों में ही घोड़ा-खच्चरों के मालिकों को 56 करोड़ रुपये की आमदनी हो चुकी है। इसके बावजूद इन बेजुबानों की तकलीफ दूर करना वाला कोई नहीं है। जानवरों पर अमानवीय तरीके से यात्रियों और सामान को ढोया जाता है। यही कारण है कि अभी तक 175 जानवरों की मौत हो चुकी है। इस साल गौरीकुंड से केदारनाथ के लिए 8516 घोड़ा-खच्चरों का पंजीकरण हुआ था। बड़ी संख्या में तीर्थयात्री 16 किलोमीटर



की इस दुर्गम दूरी को घोड़े और खच्चरों पर बैठकर तय करते हैं। अब तक 2,68,858 यात्री घोड़े-खच्चरों से केदारनाथ पहुंचे और दर्शन कर लौटे। इस दौरान 56 करोड़ का कारोबार हुआ और जिला पंचायत को पंजीकरण शुल्क के रूप में करीब 29 लाख रुपये मिले। इसके बावजूद इन बेजुबान जानवरों के लिए पैदल मार्ग पर कोई सुविधा नहीं है। मार्ग पर न गर्म पानी की सुविधा है और न कहीं जानवरों के लिए पड़ाव बनाया गया है। घोड़े-खच्चरों से केदारनाथ का एक ही चक्कर लगवाना चाहिए, लेकिन ज्यादा कमाई की होड़ में संचालक दो से तीन चक्कर लगवा रहे थे। साथ ही जानवरों को पर्याप्त खाना और आराम भी नहीं मिल रहा था। यात्रा के पहले ही दिन ही तीन जानवरों की मौत हो गई थी। इसके बाद शुरुआती एक महीने तक रोज जानवरों की मौत के मामले सामने आते रहे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ। आशीष रावत ने बताया कि अभी तक 175 घोड़ा-खच्चरों की मौत हो चुकी है।

## खास खबर

### जौनपुर में गैस रिसाव से पांच झुलसे बचाने की कोशिश करने वाले समेत तीन की मौत

**जौनपुर।** जौनपुर में महाराजगंज के केवटली गांव में गुरूवार की सुबह घरेलू गैस सिलेंडर के रिसाव से बड़ा हादसा हो गया। दूध गर्म करते समय आग लगने से पति-पत्नी और उनके दो बच्चों समेत पांच लोग झुलस गए। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से झुलसे हुए लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने पांचों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां तीन लोगों की मौत हो गई। क्षेत्रीय विधायक रमेश मिश्र भी अस्पताल पहुंचे हैं। जानकारी के अनुसार केवटली निवासी अखिलेश विश्वकर्मा की 28 वर्षीय पत्नी नीलम अपने छप्पर वाले घर में दूध गर्म कर रही थीं। छप्पर में उसके दो बच्चे 5 वर्षीय शिवांश व 3 वर्षीय युवराज और पति अखिलेश (30) सो रहे थे। इसी दौरान सिलेंडर की पाइप से गैस का रिसाव हो रहा था। इसकी जानकारी नीलम को नहीं हो पाई। उसने दूध गर्म करने के लिए जैसे ही गैस चूल्हा का रेग्यूलेटर चालू कर माचिस जलायी वैसे ही आग लग गई। आग ने फौरन विकराल रुप धारण कर लिया। आग पूरे छप्पर में लग गयी। इसमें नीलम के अलावा परिवार के अन्य सभी सदस्य जलने लगे। चीख पुकार सुन आसपास के लोग एकत्र हो गए। अखिलेश के बड़े भाई 32 वर्षीय सुरेश ने छप्पर में घुसकर लोगों बचाने का प्रयास किया। इससे वह भी झुलस गया। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह सबको बाहर निकला।

### महाराष्ट्र के विधायकों को असम के बजाय बंगाल भेजिए हम उनकी अच्छी आवभगत करेंगे: ममता बनर्जी

**मुम्बई।** महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक उठा-पटक पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी ने बीजेपी पर निशाना साधा है। ममता बनर्जी ने बीजेपी से कहा है कि महाराष्ट्र के बागी विधायकों को असम के बजाय बंगाल भेज दीजिए हम उनकी अच्छी से आवाभगत करेंगे। बनर्जी ने कहा कि बीजेपी अनैतिक तरीके से महाराष्ट्र की सरकार गिराने का प्रयास कर रही है। महाराष्ट्र के बागी विधायकों को गुवाहाटी में ठहरने पर ममता बनर्जी ने कहा कि असम में बाढ़ की विभीषिका के बीच प्रभावित लोगों को परेशान करने के लिए महाराष्ट्र के विधायक वहां क्यों भेजे जा रहे हैं। ममता बनर्जी ने अपने बयान में कहा, महाराष्ट्र के विधायकों को असम के बजाय बंगाल भेजिए, हम उनकी अच्छी आवभगत करेंगे। महाराष्ट्र की सत्तारूढ़ महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार में जारी राजनीतिक संकट के बीच शिवसेना के तीन और विधायक गुरुवार को कैबिनेट मंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले बागी खेमे में शामिल होने के लिए असम की राजधानी गुवाहाटी के लिए रवाना हो गए। तीन विधायकों में सावंतवाड़ी से विधायक दीपक केसकर, चेंबूर से विधायक मंगेश कुडलकर और दादर से विधायक सदा सर्वंकर शामिल हैं। शिंदे ने दोहराया कि एमवीए गठबंधन में राकांपा और कांग्रेस मजबूत हो रहे हैं, लेकिन मुख्य पार्टी शिवसेना और उसके कार्यकर्ता लगातार कमजोर होते जा रहे हैं।

### बच्ची से कथित दुष्कर्म के आरोप मदरसा शिक्षक पर मुकदमा दर्ज

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के नकुड़ क्षेत्र में सात साल की बच्ची से कथित दुष्कर्म के आरोप में एक शिक्षक पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस अधीक्षक (देहात) सूरज राय ने बताया कि नकुड़ थाना क्षेत्र के एक कस्बे में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी से दुष्कर्म के आरोप में मदरसा शिक्षक जमीर पर मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि मुकदमे में यह भी आरोप लगाया गया है कि मदरसा शिक्षक ने बच्ची को धमकी भी दी थी कि अगर उसने घटना के बारे में अपने परिजन को बताया कि वह उस मार डालेगा। राय ने बताया कि पुलिस ने भारतीय दंड विधान और पॉक्सो अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सिद्धू मूसेवाला का एक और गाना 24 को होगा रिलीज

**चंडीगढ़।** सिद्धू मूसेवाला बेशक इस दुनिया को अलविदा कह गए, लेकिन उनके गाने आज भी लोगों के दिलों की धड़कन तेज करते हैं। ऐसा ही मूसेवाला का एक और गाना रिलीज होने जा रहा है, जो कि मूसेवाला ने एस.वाई.एल. पर लिखा था। यह गाना 24 जून को मूसेवाला टीम द्वारा शाम 6 बजे रिलीज किया जाएगा, जिसे लेकर उनके फैन्स व चाहने वालों में काफी क्रेज देखा जा रहा है। इस गाने में सिद्धू मूसेवाला ने कई अहम मुद्दों को उठाया है। गाने में क्या क्या खास विशेषताएं हैं, यह इसके ?रिलीज के बाद ही पता चलेगा। गौरतलब है ?कि इससे पहले सिद्धू का एक और गाना काफी फेमस हुआ था। जिसके रिलीज होने के कुछ ही हफ्तों बाद सिद्धू मूसेवाला की हत्या कर दी गई थी।

## न्यूज़ ट्रैक....

### आजकल परिवार सहित स्पेन में छुट्टियां मना रहे रोनाल्डो

**मैड्रिड** । पुर्तगाल के कप्तान और मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो आजकल अपने परिवार के साथ स्पेन में छुट्टियां मना रहे हैं। रोनाल्डो का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें वह अपनी पार्टनर जॉर्जिना और बच्चों के साथ डांस करते दिख रहे हैं। रोनाल्डो का यह टिक टॉक वीडियो तेजी से वायरल हुआ है। इस वीडियो में वह बच्चों के साथ डांस करते दिख रहे हैं। रोनाल्डो ने इस तरह से डांस में भी डेब्यू किया है। गौरतलब है कि विश्व कप से पहले स्वयं को तरोताजा रखने के लिए ही रोनाल्डो इस प्रकार फुटबॉल से दूर गये हैं। वह मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से 24 गोल के साथ ही शीर्ष पर हैं। वह 14 जून को स्पेन के मेजोरका पहुंचे थे। रोनाल्डो ने हाल में जोसेफ बीकन के सर्वाधिक 805 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा था। फीफा के रिकॉर्ड के मुताबिक बीकन ने पेशेवर फुटबॉल के इतिहास में सबसे ज्यादा 805 गोल किए थे। वह 27 जून को एक बार फिर क्लब से जुड़ सकते हैं।

### जहीर अब्बास गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती

**लाहौर** । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान जहीर अब्बास को कोरोना संक्रमण के कारण आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जहीर अभी कुछ दिन पहले ही जांच में संक्रमित पाये गये थे। एक रिपोर्ट के अनुसार जहीर को हालत गंभीर होने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार जहीर की तबीयत दुबई से लंदन की उड़ान के दौरान खराब हो गयी थी। उड़ान पकड़ते समय ही वह किसी कोरोना संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आ गए थे। इसके बाद जब वो लंदन पहुंचे तो उन्हें किडनी में तकलीफ और निमोनिया हो गया। इस कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहीर अभी डायलिसिस पर हैं और डॉक्टरों ने उन्हें लोगों से मिलने से मना किया है। वहीं दूसरी ओर क्रिकेट प्रशंसक जहीर के जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। पाकिस्तान के कई खिलाड़ियों ने उनके लिए दुआ की है। पाक के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज ने ट्वीट किया, जहीर अब्बास साहब के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं। इसके अलावा कई अन्य क्रिकेटरों ने भी जहीर अब्बास के शीघ्र ठीक होने की कामना की है।

### गेल के साथ तस्वीर साझा करना माल्या को भारी पड़ा

**नई दिल्ली** । आर्थिक घोटाला कर देश से भागे कारोबारी विजय माल्या को वेस्टइंडीज के क्रिकेटर क्रिस गेल के साथ तस्वीर साझा करने पर लोगों ने जमकर फटकारा है। एक समय माल्या आईपील फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के मालिक थे। तब गेल उनकी टीम से खेलते थे। अब माल्या की इस तस्वीर पर लोगों ने सोशल मीडिया पर उनकी हंसी भी उड़ाई है। उनपर मीम्स भी बनने लगे हैं। एक यूजर ने दो तस्वीर साझा कर लिखा, ' एक समय था जब माल्या अपने कैलेंडर में मॉडल्स के साथ हुआ करते थे। वहीं एक ने लिखा, ' पैसा कब देगा ? इसी तरह कई यूजर्स ने माल्या को लेकर कई प्रकार के मीम्स बनाकर उन्हें कोसा है। गौरतलब है कि गेल साल 2011 से 2017 तक आरसीबी में रहे थे। गेल ने आईपीएल के 142 मैचों में लगभग 149 के स्ट्राइक रेट से कुल 4965 रन बनाए थे। उनके नाम छह शतक हैं।

# टीम इंडिया के खिलाफ खेलेंगे पंत, पुजारा : काउंटी टीम लीस्टरशर के खिलाफ पैक्टिस मैच आज

**मुंबई।** टीम इंडिया के चार खिलाड़ी अंग्रेजों के लिए खेलते नजर आएंगे। इनमें ऋषभ पंत, चेतेश्वर पुजारा, जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा शामिल हैं। जी, हां। आप सही पढ़ रहे हैं। दरअसल, ये सभी खिलाड़ी गुरुवार 23 जून से एजबेस्टन में चार दिवसीय प्रैक्टिस मैच में काउंटी क्लब लीस्टरशर की टीम में शामिल किए गए हैं। यह मैच अप्टनस्टील काउंटी ग्राउंड में खेला जाएगा। मुकाबला 3 बजे शुरू होगा।

हिट मैन के नाम से जाने वाले रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम इंडिया इस समय इंग्लैंड दौरे पर है। टीम को वहां एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी-20 मुकाबले खेलने हैं। 1 जुलाई से शुरू होने जा रहे टेस्ट से पहले भारतीय टीम प्रैक्टिस मैच खेल रही है। यह वही टेस्ट है, जिसे पिछले साल कोरोना के कारण आगे बढ़ाना पड़ा था।



### सीरीज में 2-1 से बढ़त पर है टीम इंडिया

भारतीय टीम टेस्ट सीरीज में 2-1 से आगे है। एक मुकाबला ड्रॉ रहा। टीम इंडिया के खिलाड़ियों के लीस्टरशर में शामिल करने से टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों को पर्याप्त अभ्यास करने करने का मौका मिलेगा। वर्कलोड मैनेजमेंट को देखते हुए दोनों टीमों की तरफ से 13-13 खिलाड़ी खेलेंगे। भारतीय चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड दौरे के लिए नवदीप सैनी, कमलेश नागरकोटी और सिमरजीत सिंह को बतौर नेट बॉलर टीम इंडिया के साथ जोड़ने का फैसला किया है। सैनी और नागरकोटी इस समय टीम के साथ ही हैं। वहीं, सिमरजीत सिंह जल्द ही जुड़ने वाले हैं।

### यह है टीम

**लीस्टरशर:** सैमुअल इवांस (कप्तान), रेहान अहमद, सैमुअल बैट्स (विकेटकीपर), नाथन बॉली, विली डेविस, जो एविसन, लुईस किंबर, एविडिने स्कंदे, रोमन वालकेर, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा।

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, श्रीकर भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और उमेश यादव।

# उम्मीद के अनुसार नहीं खेल रहें तो आलोचना के लिए तैयार रहें : कपिल



**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि अगर कोई खिलाड़ी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर रहा है तो उसे आलोचना के लिए भी तैयार रहना चाहिये। कपिल ने यह बात बल्लेबाज विराट कोहली को लेकर कही है। विराट लंबे समय से फॉर्म से बाहर हैं। कपिल ने कहा कि एक पूर्व खिलाड़ी होने के कारण उनके पास किसी भी खिलाड़ी के प्रदर्शन पर सवाल उठाने का अधिकार है। अगर उस खिलाड़ी का प्रदर्शन अपने नाम के अनुरुप नहीं है। इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा है कि अगर कोई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रन नहीं बना रहा और उम्मीद के अनुरुप नहीं खेल पा रहा है तो उसे लोगों से शांत रहने की उम्मीद नहीं करनी चाहिये। कपिल ने कहा, मैंने विराट जितनी क्रिकेट नहीं खेली है पर कभी-कभी आपने भले ही ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली हो लेकिन, आप चीजों का पता लगा सकते। हमने भी क्रिकेट खेली है और खेल को समझते हैं। इसलिए हमें नहीं उन्हें अपने विचारों में सुधार करना होगा। अगर आप अपने खेल से हमें गलत साबित कर देंगे, तो हम इसे स्वीकार कर लेंगे। वहीं अगर आप रन नहीं बनाएंगे, तो हमें तो यही लगेगा कि कहीं न कहीं कुछ कमी है। हम सिर्फ आपका प्रदर्शन देखते हैं। इसलिए हमें अपनी बात रखनी ही होगी।

साथ ही कहा कि कोहली जैसे बड़े खिलाड़ी के इतने लंबे समय से शतक नहीं लगा पाने के बारे में सोचकर निराशा होती है। कोहली ने अपना अंतिम शतक पिछली बार नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ लगाया था। विराट जैसे खिलाड़ी का इतने लंबे समय से फार्म में न होना टीम के लिए भी परेशानी का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा, इतने बड़े खिलाड़ी को शतक का इंतजार करते देख मुझे दुख होता है. वह हमारे लिए हीरो की तरह हैं। हमने कभी नहीं सोचा था कि हम एक ऐसे खिलाड़ी को देखेंगे, जिसकी तुलना हम राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर या वीरेंद्र सहवाग से कर सकते हैं। इससे पहले हुए आईपीएल 2022 में भी कोहली रन बनाने के लिए जूझते दिखे।

## आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष दस में पहुंचे ईशान, कार्तिक की लंबी छलांग

**दुबई** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में ईशान किशन शीर्ष दस बल्लेबाजों में पहुंच गये हैं। ईशान को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में अपने अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है और वह छठे स्थान पर आ गये हैं। ईशान के अलावा अनुभवी बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भी 108 पायदान की लंबी छलांग लगायी है और 87वें स्थान पर पहुंच गये हैं। कार्तिक ने उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में कुछ आक्रामक पारियां खेलीं थी। वहीं पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम नंबर एक स्थान पर बने हुए हैं। गेंदबाजों की बात करें तो भारतीय टीम के स्पिनर युजवेंद्र चहल ने सबसे लंबी छलांग लगाई है। चहल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में अच्छी गेंदबाजी के कारण तीन पायदान ऊपर आकर 23 वे स्थान पर आ गये हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर एक पर कायम हैं। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसारंगा को छठा स्थान मिला है। (छठे) दोनों एक एक पायदान के फायदे से शीर्ष 10 में पहुंच गये। भारत के रवींद्र जडेजा 385 रेटिंग अंक लेकर टेस्ट ऑलराउंडर सूची में शीर्ष पर हैं। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन 346 रेटिंग अंक से दूसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। भारत के विराट कोहली 742 टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में 10वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 850 और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 830 गेंदबाजों की सूची में दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।



*बुडापेस्ट में फिना तैराकी में पदक विजेता महिला खिलाड़ी अवार्ड समारोह में उत्साहित नजर आयीं।*

## व्यापार न्यूज

### टाटा स्टील ब्रिटेन, नीदरलैंड्स में कम कार्बन उत्सर्जन वाली तकनीक अपनाएगी



**नई दिल्ली** । टाटा स्टील ब्रिटेन और नीदरलैंड में इस्पात बनाने के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली तकनीक का उपयोग करने की योजना बना रही है। टाटा स्टील ने अक्टूबर 2021 में टाटा स्टील यूके और टाटा स्टील नीदरलैंड्स को टाटा स्टील यूरोप से अलग दो स्वतंत्र कंपनियों के रूप में गठित करने की प्रक्रिया पूरी की थी। कंपनी के सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन और कार्यकारी निदेशक और सीएफओ कौशिक चटर्जी ने कहा कि टाटा स्टील यूके और टाटा स्टील नीदरलैंड दोनों 2050 तक कॉर्बन डाई ऑक्साइड निरपेक्ष इस्पात का उत्पादन करने के लक्ष्य के लिए काम कर रही हैं। इस लक्ष्य के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली तकनीक को अपनाने की विस्तृत योजना तैयार की जा रही है। अधिकारियों ने कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि टाटा स्टील नीदरलैंड में अगले 10 वर्षों के दौरान क्रमिक रूप से ब्लास्ट फर्नेस और कोयले को हटाने की योजना बना रहे हैं। इसकी जगह हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक फर्नेस पर आधारित डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन (डीआरआई) तकनीक को लाया जाएगा।

### डॉलर के मुकाबले रुपए में नौ पैसे की तेजी



**मुंबई** । रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से सुधार दर्ज करते हुए नौ पैसे की बढ़त के साथ 78.23 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 78.26 पर खुला और फिर तेजी के साथ 78.23 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की तेजी को दर्शाता है। रुपया बुधवार को 19 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 78.32 पर आ गया था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.14 पर था।

### देश में दस साल में हाइड्रोजन क्षेत्र में 150 अरब डॉलर निवेश संभव: आरआईएल

**नई दिल्ली** । देश के हाइड्रोजन बाजार में अपार संभावनाएं है और इस क्षेत्र में अगले दस वर्ष के दौरान 150 अरब डॉलर का निवेश आ सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की इकाई न्यू एनर्जी के अध्यक्ष कपिल माहेश्वरी ने बीएनईएफ सम्मेलन के दौरान एक बातचीत में कहा कि हाइड्रोजन उद्योग में लाखों लोगों की नौकरी देने की क्षमता है। उन्होंने हाइड्रोजन क्षेत्र में निवेश की क्षमता को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा ?कि इस क्षेत्र में अवसर है। भारत में पहले से ही 60 से 70 लाख टन हाइड्रोजन का बाजार है और यह काम नहीं है।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अरब डॉलर बढ़ा: आरबीआई

मुंबई (ईएमएस)। आरबीआई द्वारा जारी ?किए गए आंकडो के मुताबिक देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान मूल्यांकन प्रभाव सहित मौजूदा मूल्य पर 30.3 अरब अमेरिकी डॉलर की बढ़ोतरी हुई। इससे पहले वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 99.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। भुगतान संतुलन के आधार पर, मूल्यांकन प्रभावों को छोड़कर, विदेशी मुद्रा भंडार में 2021-22 के दौरान 47.5 अरब डॉलर की वृद्धि हुई, जबकि 2020-21 में यह आंकड़ा 87.3 अरब डॉलर था।

## वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख से शेयर बाजार में तेजी

# सेंसेक्स 238.73 अंक बढ़कर 52,061 और निफ्टी 15,491 पर

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच भारतीय शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी देखी गई। पिछले कारोबारी सत्र में भारी गिरावट के बाद बीएसई सेंसेक्स ने गुरुवार को 239 अंक की मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 238.73 अंक की बढ़त के साथ 52,061.26 पर था, जबकि एनएसई निफ्टी 78.1 अंक बढ़कर 15,491.40 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में भारती एयरटेल, विप्रो, मारुति, टीसीएस, लार्सन एंड टुब्रो और इंडसइंड बैंक बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावर ग्रिड में गिरावट हुई।अन्य एशियाई बाजारों में तोक्यो और सोल के बाजार लाल निशान में थे, जबकि हांगकांग और शंघाई बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स बुधवार को 709.54 अंक की गिरावट के साथ 51,822.53 पर बंद



हुआ था, जबकि एनएसई निफ्टी 225.50 अंक गिरकर 15,413.30 पर बंद हुआ। अगर सेक्टरवार प्रदर्शन को देखें तो आईटी और ऑटो ने बाजार की अगुवाई की है। दोनों ही सेक्टर्स में आज एक फीसदी की बढ़त दिख रही. बैंक और रियल एस्टेट सेक्टर आज सुस्त पड़ा है जबकि तेल एवं गैस सेक्टर में गिरावट दिख रही है। ग्लेनमार्क फार्मा के शेयर शुरुआत में ही 4 फीसदी लुढ़क गए। वहीं बजाज ऑटो में 3 फीसदी बढ़त दर्ज की गई। एशिया के बाजारों में गुरुवार को सुबह मिलाजुला रुख दिख रहा है। कुछ बाजार तेजी पर कारोबार कर रहे तो कुछ में गिरावट देखी जा रही है। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज सुबह के कारोबार में 0.40 फीसदी बढ़त पर दिख रहा तो जापान का निक्केई 0.36 फीसदी के उछाल पर ट्रेडिंग कर रहा है। दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में भी 0.31 फीसदी की तेजी है लेकिन हांगकांग का शेयर बाजार 2.56 फीसदी गिरावट पर है और ताइवान के स्टॉक एक्सचेंज पर 2.42 फीसदी की गिरावट दिख रही है। इसी तरह चीन का शंघाई कंपोजिट भी 0.03 फीसदी नुकसान पर कारोबार करता देखा गया।

### 30 जून तक पैन-आधार लिंक नहीं तो देना होगा 1,000 जुर्माना

**नई दिल्ली** । अगर आपने पैन-आधार लिंक सरकार की गाइड लाइन के अनुसार लिंक नहीं कराया है तो आपको जुर्माना भरना पड़ सकता है। सरकार ने 30 जून तक पैन-आधार लिंक करने की अंतिम समय सीमा तय की है। दरअसल, पैन और आधार को लिंक करने की वास्तविक समय सीमा 31 मार्च, 2022 थी। इस अवधि के बाद पैन-आधार लिंक करने वालों से 500 रुपए का जुर्माना लिया जा रहा है। हालांकि, यह सुविधा भी 30 जून तक ही है। इसके बाद अगर आपने पैन-आधार लिंक कराना चाहा तो आपको 1,000 रुपए का जुर्माना देना होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने पिछले दिनों जारी नोटिफिकेशन में कहा था कि जिन करदाताओं ने अपना पैन-आधार अभी लिंक नहीं किया है।






### कोयला आधारित बिजली उत्पादन देश में विद्युत क्षेत्र की रीढ़: एनटीपीसी प्रमुख

**नई दिल्ली** । सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने कहा कि कोयला आधारित बिजली उत्पादन देश में विद्युत आपूर्ति की रीढ़ है और यह स्थिति अगले दो-तीन दशकों तक इसी तरह बनी रहने वाली है। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि स्वच्छ या गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भारत को कम लागत वाले वित्त पोषण पर जोर देने की जरूरत है। सिंह ने यहां ब्लूमबर्ग एनईएफ शिखर सम्मेलन में एक चर्चा के दौरान कहा कि कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की बात की जगह भारत को प्रेषण योग्य नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोग कोयले के बारे में बहुत अधिक चिंतित क्यों हैं? आज हम कोयला आधारित संयंत्रों से तीन-चौथाई बिजली की आपूर्ति कर रहे हैं। ये कोयला आधारित बिजली संयंत्र की रीढ़ हैं। हमें यह देखने की जरूरत है कि कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को चरणबद्ध तरीके से बंद करने बजाय कोयला आधारित उत्पादन को कैसे कम किया जाए। सिंह ने कहा कि कोयला आधारित संयंत्रों को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की बात जल्दबाजी होगी और कोयला आधारित बिजली दो से तीन दशकों तक रहने वाली है। भारत ने 2030 तक 5,00,000 मेगावॉट अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है।




## मैं फिल्मों में कॉमेडी जॉनर को एक्सप्लोर करना चाहती हूं:सुचित्रा पिल्लई

अभिनेत्री सुचित्रा पिल्लई फिल्म, टेलीविजन धारावाहिकों और वेब सीरीज में एक सशक्त महिला का किरदार निभाती नजर आई हैं और अब वह खासकर फिल्मों में कॉमेडी शैली को आजमाने की ख्वाहिश रखती हैं। सुचित्रा ने बताया, मैं फिल्मों में कॉमेडी रोल करना चाहती हूं क्योंकि इस शैली में मैंने अधिक काम नहीं किया है। टेलीविजन या स्टेज पर मैं कॉमेडी किया करती थी। मैंने सुरेश मेनन, रणवीर शौरी, विनय पाठक, राकेश पॉल के साथ द ग्रेट इंडियन कॉमेडी शो किया है। मुझे कॉमेडी करना बेहद पसंद है और इसलिए मैं फिल्मों में इस शैली पर अधिक से अधिक काम करना चाहती हूं। वह आगे कहती हैं, असल जिंदगी में मैं बेहद मजाकिया हूं। स्क्रीन पर भले ही मेरी ईमेज अलग है और ऐसा इसलिए क्योंकि मैं अधिकतर स्ट्रॉन्ग वुमेन वाले किरदारों में नजर आई हूं। सुचित्रा हाल ही में वेब सीरीज हेलो मिनी 3 में एक गॉडवुमेन के किरदार में नजर आई हैं। इसे एमएक्स प्लेयर पर प्रसारित किया जा रहा है।

## समलैंगिक प्रेम कहानी को समझना महत्वपूर्ण है: अभिनेता मृणाल दत्त

अभिनेता मृणाल दत्त आगामी वेब सीरीज हिज स्टोरी में एक समलैंगिक प्रेम कहानी में नजर आने वाले हैं। उनका कहना है कि समलैंगिग प्रेम को भी सामान्य तरीके से ट्रीट किया जाना चाहिए। साथ ही उनेहोने कहा एक गे के रोल को प्ले करने में उन्हें कोई हिचकिचाहट नहीं हुई। क्या वह छवि जाल के बारे में चिंतित थे? कि वह भविष्य में केवल इसी तरह के प्रस्तावों के साथ फंस सकते हैं? मृणाल ने बताया, ईमानदारी से कहूं तो मैंने इसके बारे में नहीं सोचा था, और मुझे स्क्रीन पर एक समलैंगिक चरित्र की भूमिका निभाने के बाद स्टीरियोटाइप होने का डर नहीं है। मुझे समलैंगिक चरित्र निभाने में कोई संकोच नहीं है। स्टीरियोटाइप होने का मुद्दा हर जगह मौजूद है, किसी भी चरित्र के साथ जिसे हम प्ले करते हैं। मृणाल ने कहा, जिस बुनियादी चीज को समझने की जरूरत है, वह यह है कि कोई व्यक्ति विपरीत लिंग के किसी अन्य व्यक्ति या समान लिंग वाले व्यक्ति के प्यार में पड़ जाता है, दोनों स्थितियों में प्यार की भावना समान रूप से तीव्र और जैविक है।

## नवाब के लिए अपने फिजिक पर काम करना कभी न भूलने वाला अनुभव : पार्थ

वेब श्रृंखला मैं हीरो बोल रहा हूं में नवाब की भूमिका निभाने वाले अभिनेता पार्थ समथान का कहना है कि इस भूमिका की तैयारी एक समृद्ध अनुभव था, जिसे वह कभी नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने कहा, नवाब की भूमिका के लिए तैयारी करना एक ऐसी यात्रा है जिसे मैं अपने पूरे जीवन के लिए संजोकर रखूंगा। इसने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। मैंने अपनी फिजिक पर काम करते हुए धीरज और अनुशासन सीखा। शूटिंग के लिए बड़े पैमाने पर शोध करने वाले अभिनेता का कहना है कि उन्हें यकीन है कि इससे उन्हें न केवल इस किरदार से बल्कि अन्य लोगों को भी मदद मिलेगी।




# विजय देवरकोंडा ने फैन के साथ वीडियो चैट पर की बात, आखिरी इच्छा की पूरी



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता कहे जाने वाले विजय देवरकोंडा उन कलाकारों की लिस्ट में आते हैं जो अक्सर अपने चाहने वालों का दिल काम के जरिए जीतते रहते हैं। हालांकि अब इसी बीच अभिनेता विजय देवरकोंडा एक खास वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं। बता दें कि साउथ फिल्म स्टार विजय देवरकोंडा ने हाल ही में अपने एक फैन की आखिरी इच्छा पूरी की है। जी हां बता दें कि विजय देवरकोंडा ने अपने काम के जरिए ना सिर्फ दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी एक अच्छी पहचान बनाई है। ये बात अलग है कि अब तक उनकी बॉलीवुड फिल्म नहीं रिलीज हुई है। लेकिन वो जल्द ही बॉलीवुड में अपने अभिनय पारी की शुरूआत करने वाले है। इसी बीच अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अपने एक फैन की आखिरी इच्छा पूरी की है। जिसे जानने के बाद आप खुद अभिनेता की तारीफ करने लगेंगे। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि, मैं तुम्हें याद करता हूं हेमंत। मैं इतना खुश हूं कि हमने बात की। मुझे तुम्हारी प्यारी मुस्कुराहट देखने का मौका मिला। तुम्हारे प्यार को महसूस किया और तुम्हें प्यार दिया। मेरी आंखों में आंसुओं के साथ मैं तुम्हारे लिए प्रार्थना करता हूं।

## प्रभास की फिल्म राधे श्याम की रिलीज डेट पर मंडराया संकट



फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता प्रभास आने वाले दिनों में बैक टू बैक कई फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाले हैं। जिसमें उनकी फिल्म राधे श्याम भी शामिल है। ये फिल्म इसी साल 30 जुलाई को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब फिल्म की रिलीज को लेकर संकट मंडराता हुआ नजारा आ रहा है। बता दें कि इस वक्त देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर का प्रकोप काफी ज्यादा भयानक रूप ले चुका है। देश में ये महामारी काफी तेजी से फैलती जा रही है। इस वायरस से अब तक ना जाने कितने लोग प्रभावित हो चुके हैं और कितने लोगों की जाने तक जा चुकी हैं। वहीं देश की चिकित्सा व्यवस्था भी अब लड़खड़ गई है। यही कारण है कि अब देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस की वजह लॉकडाउन और लगा दिया गया है जिसकी वजह से सिनेमाघरों को भी बंद कर दिया गया है। लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में सिनेमा हाल को बंद कर दिया है। जिसकी वजह से अब फिल्मों को भी सिनेमाघरों में नहीं रिलीज किया जा रहा है। हाल ही में कई फिल्म मेकर्स ने अपनी फिल्मों की रिलीज डेट को टाल दिया है।

# ऋषि कपूर की किसी भी फिल्म के रीमेक में काम नहीं करना चाहते हैं रणबीर कपूर



बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर अपने पिता ऋषि कपूर की किसी भी फिल्म के रीमेक में काम नहीं करना चाहते हैं। वर्ष 2020 में रणबीर कपूर के पिता और अभिनेता ऋषि कपूर का निधन हो गया था। अबतक पूरा कपूर परिवार उन्हें हरदम याद करता है।रणबीर कपूर का एक इंटरव्यू सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह अपने पिता की फिल्मों के बारे में बात कर रहे हैं। रणबीर कपूर से पूछा गया कि क्या वह अपने पिता की किसी फिल्म के रीमेक में काम करेंगे। इस सवाल के जवाब में रणबीर कपूर ने कहा, मेरे पिता ऋषि कपूर मेरे फेवरेट एक्टर्स में से एक थे। वो अपने हर रोल के लिए बहुत मेहनत करते थे, मैं खुद को इस काबिल नहीं समझता, और ना ही मुझे ऐसा लगता है कि मैं उनकी किसी फिल्म के साथ इंसाफ कर पाऊंगा।'' रणबीर कपूर ने कहा कि मुझे लगता है कि फिल्म 'जमाने को दिखाना है' को यदि फिर से बनाया जाए तो वह दर्शकों को काफी पसंद आएगी क्योंकि इस फिल्म में ऋषि कपूर की कॉमिक टाइमिंग बहुत जबरजस्त थी।

# कोरोना काल में जानिए फल और सब्जियों को कीटाणुरहित करने का खास तरीका



कोरोनाकाल में घर से बाहर निकलने से, शॉपिंग करने से, यहां तक कि जरूरी सामान खरीने से भी डर लगता है। हम सभी जानते हैं कि कोरोना हर चीज की सतह पर रह सकता है। खाने-पीने की चीजों पर भी कोरोना रह सकता है, इसलिए हम सभी को बेहद संभल कर चलने की जरूरत है। फल और सब्जियां हमारी सबसे बड़ी जरूरत है जिसे हम रोज खरीदते हैं। तो आइए जानते हैं कि कैसे हम फल और सब्जियों को कीटाणुरहित कर सकते हैं...

जो भी फल या सब्जी आप घर में खरीद कर ला रहे हैं उस पैकेट को इस्तेमाल से पहले कुछ समय के लिए एक अलग जगह पर रख दें। फल और सब्जी को धोने के लिए गुनगुने पानी का उपयोग करें। यदि आवश्यक हो तो सब्जियों को डिसइन्फेक्ट करने के लिए गर्म पानी के एक टब में 50 पीपीएम क्लोरीन की सिर्फ एक बूंद का उपयोग किया जा सकता है। सब्जियों को पीने के पानी से साफ करना चाहिए ताकि खाना पकाते समय आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं रहे। डिटर्जेंट कपड़े साफ करने के लिए होता है और किटाणुनाशक फ्लोर, फर्नीचर आदि की सफाई के लिए। वहीं सैनिटाइजर हाथों और त्वचा के लिए अधिक कारगर होता है। खाने की चीजों पर कीटाणुनाशक स्प्रे का इस्तेमाल या साबुन का उपयोग करना उचित नहीं है। कीटाणुनाशक फल और सब्जियों की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचा सकता है। इन्हें साफ करने के लिए सिर्फ ताजे पानी का उपयोग करें। अगर आपने सब्जियों को सही तरीके से साफ कर लिया है तो इस बात के लिए परेशान होने की बिल्कुल जरूरत नहीं है कि आप इन्हें रेफ्रिजरेटर या फ्रिज में स्टोर कर सकते हैं या नहीं। सब्जियों या फलों को फ्रीजर में स्टोर नहीं करें। जो सामान खराब हो सकते हैं उन्हें रेफ्रिजरेटर में रखना चाहिए।, बाकि शेष सब्जियों को कमरे के तापमान पर बास्केट या रैक में संग्रहीत किया जा सकता है।



## भाजपा का मुर्मू फैक्टर

देश के सर्वोच्च पद यानी राष्ट्रपति के लिए 18 जुलाई को वोटिंग है। विपक्ष की तरफ से यशवंत सिन्हा को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि भाजपा की अगुआई वाली एनडीए ने द्रौपदी मुर्मू को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। आंकड़ों के हिसाब से अभी द्रौपदी मुर्मू ही मजबूत मानी जा रहीं हैं। मुर्मू आदिवासी समाज से आती हैं। अगर वह चुनाव जीतती हैं तो यह पहली बार होगा जब देश के सबसे सर्वोच्च पद पर कोई आदिवासी पहुंचेगा। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पहले ही द्रौपदी मुर्मू को समर्थन दे चुके हैं। इसके अलावा अगर वाईएसआर कांग्रेस भी साथ आती है तो उसके भी 43 हजार मत उनके साथ होंगे। इसके अलावा आदिवासी के नाम पर राजनीति करने वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए मुर्मू का विरोध करना मुश्किल है। झामुमो दबाव में आई तो मुर्मू को करीब 20 हजार वोट और मिल जाएंगे। वहीं, आम आदमी पार्टी, टीएसआर ने भी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। माना जा रहा है कि द्रौपदी के नाम पर ये दोनों पार्टियां भी एनडीए के साथ आ सकती हैं। इस तरह से एनडीए के पास सात लाख से ज्यादा वैल्यू वाले वोट हो जाएंगे और द्रौपदी आसानी से चुनाव जीत जाएंगी। जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से देश की सियासत में कई नई चीजें देखने को मिली हैं। द्रौपदी मुर्मू के रूप में पहली बार कोई आदिवासी महिला राज्यपाल बनीं। अब द्रौपदी के नाम एक और इतिहास जुड़ जाएगा। भाजपा उम्मीद करेगी की उसे इसका सियासी फायदा भी हो। द्रौपदी मुर्मू आदिवासी समाज से आती हैं। ये पहली बार होगा जब कोई आदिवासी देश के सर्वोच्च पद पर आसीन होगा। इसका संदेश देश के 8.9 फीसदी अनुसूचित जनजाति के वोटर्स को जाएगा। कई राज्यों की कई सीटों पर आदिवासी वोटर निर्णायक हैं। ऐसे में भाजपा ने द्रौपदी को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाकर अनुसूचित जनजाति के वोटरों को अपनी ओर करने की कोशिश की है। द्रौपदी मुर्मू अगर चुनाव जीतती हैं तो दूसरी महिला होंगी जो राष्ट्रपति बनेंगी। भारत में महिलाओं की आबादी पुरुषों के बराबर है। द्रौपदी का नाम प्रत्याशी के तौर पर एलान करने से महिलाओं में भी एक सकारात्मक संदेश जाएगा। द्रौपदी के संघर्ष की कहानी भी लोग जानते हैं। महिला वोटरों का झुकाव भाजपा की ओर माना जाता है। खुद प्रधानमंत्री कई बार इसका जिक्र कर चुके हैं। ऐसे में एक महिला को राष्ट्रपति बनाने से भाजपा को महिला मतदाताओं में अपनी पकड़ को और मजबूत बनाने में मदद मिल सकती है। अगले दो सालों में 18 राज्यों में चुनाव होने हैं। इनमें दक्षिण के चार बड़े राज्य शामिल हैं। ओडिशा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना। वहीं, पांच राज्य ऐसे हैं जहां अनुसूचित जनजाति और आदिवासी वोटर्स की संख्या काफी अधिक है। इनमें झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र शामिल हैं। इन सभी राज्यों की 350 से ज्यादा सीटों पर मुर्मू फैक्टर भाजपा के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। 2024 में ही लोकसभा चुनाव भी है। आंकड़ों पर नजर डालें तो देश में 47 लोकसभा और 487 विधानसभा सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। हालांकि, अनुसूचित जनजाति और आदिवासी वोटर्स का प्रभाव इनसे कहीं ज्यादा सीटों पर है। 2019 लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 47 सीटों में 31 पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। द्रौपदी मुर्मू का नाम राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए आते ही इसकी चर्चा होने लगी। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। ऐसे में यहां से किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति पद पर ले जाने से समानता और एकता का बड़ा संदेश जाएगा।

# वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

**(वह गोंड रानी, जिसने आखिरी सांस तक मुग़ल सेना से युद्ध किया)**

पंद्रहवीं शताब्दी में शहंशाह अकबर के ध्वज तले मुग़ल साम्राज्य अपनी जड़ें पुरे भारत में फैला रहा था। बहुत से हिन्दू राजायों ने उनके सामने घुटने टेक दिए तो बहुतों ने अपने राज्यों को बचाने के लिए डटकर मुकाबला किया।

राजपुताना से होते हुए अकबर की नजर मध्यभारत तक भी जा पहुंची। लेकिन मध्यभारत को जीतना मुगलों के लिए बिल्कुल भी आसान नहीं रहा और खासकर कि गोंडवाना! इसलिए नहीं कि कोई बहुत बड़ा राज्य या राजा मुग़ल सल्तनत का सामना कर रहा था, बल्कि इसलिए क्योंकि एक हिन्दू रानी अपने पुरे स्वाभिमान के साथ अपने राज्य को बचाने के लिए अडिग थी। वह हिन्दू रानी, जिसकी समाधि पर आज भी गोंड जाति के लोग श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और जिसके नाम पर मध्य-प्रदेश के एक विश्विद्यालय का नाम भी है- रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय।

रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर, 1524 को उत्तर प्रदेश के बाँदा जिले में कालिंजर के राजा कीर्तिसिंह चंदेल के यहाँ हुआ था। वे अपने पिता की इकलौती संतान थीं। दुर्गाष्टमी के दिन जन्म होने के कारण उनका नाम दुर्गावती रखा गया। नाम के अनुरूप ही तेज, साहस, शौर्य और सुन्दरता के कारण इनकी प्रसिद्धि सब ओर फैल गयी।

दुर्गावती चंदेल वंश की थीं और कहा जाता है कि इनके वंशजों ने ही खजुराहो मंदिरों का निर्माण करवाया था और महमूद गज़नी के आगमन को भारत में रोका था। लेकिन 16वीं शताब्दी आते-आते चंदेल वंश की ताकत बिखरने लगी थी।

दुर्गावती बचपन से ही अस्त्र-शस्त्र विद्या में रूचि रखती थीं। उन्होंने अपने पिता के यहाँ घुड़सवारी, तीरंदाजी, तलवारबाजी जैसे युद्धकलायों में महारत हासिल की। अकबरनामा में अबुल फज़ल ने उनके बारे में लिखा है, ÷वह बन्दुक और तीर से निशाना लगाने में बहुत उम्दा थीं। और लगातार शिकार पर जाया करती थीं।÷

1542 में, 18 साल की उम्र में दुर्गावती की शादी गोंड राजवंश के राजा संग्राम शाह के सबसे बड़े बेटे दलपत शाह के साथ हुई। मध्य प्रदेश के गोंडवाना क्षेत्र में रहने वाले गोंड वंशज 4 राज्यों पर राज करते थे- गढ़-मंडला, देवगढ़, चंदा और खेरला। दुर्गावती के पति दलपत शाह का अधिकार गढ़-मंडला पर था।

दुर्गावती का दलपत शाह के साथ विवाह बेशक एक राजनैतिक विकल्प था। क्योंकि यह शायद पहली बार था जब एक राजपूत राजकुमारी की शादी गोंड वंश में हुई थी। गोंड लोगों की मदद से चंदेल वंश उस समय शेर शाह सूरी से अपने राज्य की रक्षा करने में सक्षम रहा।

1545 में रानी दुर्गावती ने एक बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम वीर नारायण रखा गया। लेकिन 1550 में दलपत शाह का निधन हो गया। दलपत शाह की मृत्यु पर दुर्गावती का बेटा नारायण सिर्फ 5 साल का था। ऐसे में सवाल था कि राज्य का क्या होगा?

लेकिन यही वह समय था जब दुर्गावती न केवल एक रानी बल्कि एक बेहतरीन शासक के रूप में उभरीं। उन्होंने अपने बेटे को सिंहासन पर बिठाया और खुद गोंडवाना की बागडोर अपने हाथ में ले ली। उन्होंने अपने शासन के दौरान अनेक मठ, कुएं, बावड़ी तथा धर्मशालाएं बनवाईं। वर्तमान जबलपुर उनके राज्य का केन्द्र था। उन्होंने अपनी दासी के नाम पर चेरीताल, अपने नाम पर रानीताल तथा अपने विश्वस्त दीवान आधारसिंह के नाम पर आधारताल



बनवाया।

इतना ही नहीं, रानी दुर्गावती ने अपने राज दरबार में मुस्लिम लोगों को भी उम्दा पदों पर रखा। उन्होंने अपनी राजधानी को चौरागढ़ से सिंगौरगढ़ स्थानांतरित किया। क्योंकि यह जगह राजनैतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण थी। उन्होंने अपने पूर्वजों के जैसे ही राज्य की सीमायों को बढ़ाया।

1556 में मालवा के सुल्तान बाज़ बहादुर ने गोंडवाना पर हमला बोल दिया। लेकिन रानी दुर्गावती के साहस के सामने वह बुरी तरह से पराजित हुआ। पर यह शांति कुछ ही समय की थी। दरअसल, 1562 में अकबर ने मालवा को मुग़ल साम्राज्य में मिला लिया था। इसके अलावा रेवा पर असफ खान का राज हो गया। अब मालवा और रेवा, दोनों की ही सीमायें गोंडवाना को छूती थीं तो ऐसे में अनुमानित था कि मुग़ल साम्राज्य गोंडवाना को भी अपने में विलय करने की कोशिश करेगा।

1564 में असफ खान ने गोंडवाना पर हमला बोल दिया। इस युद्ध में रानी दुर्गावती ने खुद सेना का मोर्चा सम्भाला। हालांकि, उनकी सेना छोटी थी, लेकिन दुर्गावती की युद्ध शैली ने मुग़लों को भी चौंका दिया। उन्होंने अपनी सेना की कुछ टुकड़ियों को जंगलों में छिपा दिया और बाकी को अपने साथ लेकर चल पड़ीं।

जब असफ खान ने हमला किया और उसे लगा कि रानी की सेना हार गयी है तब ही छिपी हुई सेना ने तीर बरसाना शुरू कर दिया और उसे पीछे हटना पड़ा।

कहा जाता है, इस युद्ध के बाद भी तीन बार रानी दुर्गावती और उनके बेटे वीर नारायण ने मुग़ल सेना का सामना किया और उन्हें हराया। लेकिन जब वीर नारायण बुरी तरह से घायल हो तो रानी ने उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया और स्वयं युद्ध को सम्भाला।

रानी दुर्गावती के पास केवल 300 सैनिक बचे थे। रानी को भी सीने और आँख में तीर लगे। जिसके बाद उनके सैनिकों ने उन्हें युद्ध छोडकर जाने के लिए कहा। लेकिन इस योद्धा रानी ने ऐसा करने से मना कर दिया। वह अपनी आखिरी सांस तक मुग़लों से लडती रहीं।

जब रानी दुर्गावती को आभास हुआ कि उनका जीतना असम्भव है तो उन्होंने अपने विश्वासपात्र मंत्री आधार सिंह से आग्रह किया कि वे उसकी जान ले लें ताकि उन्हें दुश्मन छु भी न पाए। लेकिन आधार ऐसा नहीं कर पाए तो उन्होंने खुद ही अपनी कटार अपने सीने में उतार ली।

### रानी दुर्गावती की समाधि

24 जून 1564 को रानी ने अंतिम सांस ली। उनकी मृत्यु के बाद उनके बेटे ने युद्ध जारी रखा। लेकिन शीघ्र ही वह भी वीरगति को प्राप्त हुआ। जिसके बाद गढ़-मंडला का विलय मुग़ल साम्राज्य में हो गया।चंद लोग ही यहाँ की रानी दुर्गावती के इस जौहर से परिचित होंगें।

जबलपुर के पास जहां यह ऐतिहासिक युद्ध हुआ था, उस स्थान का नाम बरेला है, जो मंडला रोड पर स्थित है, वही रानी की समाधि बनी है, जहां गोंड जनजाति के लोग जाकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। जबलपुर में स्थित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय भी इन्हीं रानी के नाम पर बनी हुई है। इसके अलावा भारत सरकार ने साल 1988 में रानी दुर्गावती के सम्मान में एक पोस्टल स्टैम्प भी जारी की थी।

## शाश्वत प्रेम अंतहीन है

प्रेम कितना ही होता जाए, अधूरा ही बना रहता है। वह परमात्मा जैसा है। कितना ही विकसित होता जाए, पूर्ण से पूर्णतर होता जाता है, फिर भी विकास जारी है। जैसे प्रेम का अधूरापन ही उसकी शाश्वतता है। ध्यान रखना कि जो चीज पूरी हो जाती है, वह मर जाती है। पूर्णता मृत्यु है; क्योंकि फिर बचा नहीं कुछ करने को, होने को कुछ बचा नहीं, आगे कोई गति न रही। जो चीज पूर्ण हो गयी, वह मर गयी। मर ही जायेगी, क्योंकि फिर क्या होगा? सिर्फ वही जी सकता है जो शाश्वत रूप से अपूर्ण है, अधूरा है, आधा है। तुम कितना ही भरो, वह अधूरा रहेगा। आधा होना उसका स्वभाव है। तुम कितने ही तृप्त होते जाओ, फिर भी पाओगे कि हर तृप्ति और अतृप्त कर जाती है। जितना पीते हो, उतनी ही प्यास बढ़ती चली जाती है। यह ऐसा जल नहीं है कि पी लो और तृप्त हो जाओ। यह प्यास को और जलाएगा। इसलिए प्रेमी कभी तृप्त नहीं होता। उसके आनंद का कोई अन्त नहीं है। क्योंकि आनंद का वहीं अन्त हो जाता है, जहां चीजें पूरी हो जाती हैं। कामी तृप्त हो सकता है, प्रेमी नहीं। काम का अन्त है, सीमा है; प्रेमी का कोई अन्त नहीं, कोई सीमा नहीं। प्रेम आदि-अनादि है। वह ठीक परमात्मा के स्वरूप का है। इस जगत में प्रेम परमात्मा का प्रतिनिधि है, समय की धारा में समयातीत का प्रवेश है, मनुष्य की दुनिया में अतिमानवीय किरण का आगमन है। प्रेम प्रतीक है यहां परमात्मा का और उसका स्वभाव परमात्मा जैसा है। परमात्मा कभी पूरा नहीं होगा, नहीं तो समाप्त हो जाएगा। उसकी पूर्णता बड़ी गहन अपूर्णता जैसी है। उपनिषद कहते हैं कि उस पूर्ण से पूर्ण को निकाल लो तो भी वह पूर्ण ही रहता है।

## संयम और अध्यात्म का संदेश देता चौमासा

राकेश कुमार वर्मा

भास्कर प्रधान इस उपमहाद्वीप की ऋतुओं ने विभिन्न संस्कृतियों को समृद्ध किया है। ऋतुचक्रों का समष्टि पर पड़ने वाले प्रभाव विविध संप्रदायों से उत्पन्न उत्सवों की स्वीकारोक्ति है। सूर्य जब चन्द्र के रोहिणी नक्षत्र में गमन करता है तब 9 दिन भीषण गर्मी पड़ती है। यह वह कालखण्ड है जब वसुधा सृजन के लिए गर्भवती की भांति भ्रूण को कलात्मक आकृति देने के लिए मंथर लय का अनुशीलन करती है। मृगशिरा की वृष्टि से उल्लासित प्रसववेदना धन-धान्य की अभिवृद्धि और अंतर्मन में अंकुरित अध्यात्म के आत्मवैभव की अनुभूति से आवृत होती है। तुलसीदास कहते हैं कि 'ससि संपन्न सोह महि कैसी। उपकारी कै संपति जैसी॥' अर्थात उपकारी की संपत्ति उसी प्रकार आनंदित कर रही है जैसे वनस्पतियों से युक्त पृथ्वी। जैन परंपरा में अषाढ़ी पूर्णिमा से शुरू होकर कार्तिक पूर्णिमा तक चलने वाला मुनियों का स्थिर चातुर्मास सुखी, शांत और पवित्र जीवनकला का प्रशिक्षण देता है। यह ऋतु ज्ञान, ध्यान, और स्वाध्याय योग में आत्मा को अवस्थित होने का दुर्लभ अवसर है। वर्षा से जलमग्न धरती हमे नये मार्गों की ओर प्रेरित करती है, जिससे नये सरोकारों का अभ्युदय होता है।

**बरषहिं जलद भूमि निअराएँ। जथा नवहिं बुध बिद्या पाएँ।**

**बूँद अघात सहहिं गिरि कैसे। खल के बचन संत सह जैसें॥**

-जैसे विद्या पाकर विद्वान नम्र हो जाते हैं उसी प्रकार बादल पृथ्वी के समीप (नीचे उतरकर) बरस रहे हैं । बूँदों की चोट पर्वत इस प्रकार सहन कर रहे हैं, जैसे संत दुष्टों के अत्याचार सहते हैं।



**बरषा रितु रघुपति भगति, तुलसी सालि सुदास। रामनाम बर बरन जुग, सावन भादव मास॥**

श्री रघुनाथ जी की भक्ति वर्षाऋतु है, उत्तम सेवकगण (प्रेमी भक्त) धान हैं औरराम नाम के दो सुंदर अक्षर।सावनभादों के महीने हैं (अर्थात् जैसे वर्षाऋतु के श्रावण, भाद्रपद- इन दो महीनो में धान लहलहा उठता है, वैसे ही भक्ति पूर्वक श्री राम नाम का जप करने से भक्तों को अत्यंत सुख मिलता है।

हालांकि संस्कृति के बाजारीकरण से हुए यंत्रीकरण में इसकी प्रासंगिता समाप्त हो गई है जो संवेदनशील विचारों से मुक्त जीवनशैली की ओर प्रेरित करती है। विज्ञान, सूचना और प्रौद्योगिकी के विकास से प्रभावित हमारे नैतिक मूल्यों से प्रकृति के उपहारजनित धरोहर यथा वनस्पति, जलवायु सहित चराचर जगत को अनुभव करने की दृष्टि बदल दी है। जहॉं ये तत्व कभी हमारी ईश्वरीय सत्ता के प्रतीक थे शोषणात्मक वृत्ति का स्रोत बन गये हैं। इनसे सरोकार रखने रखने वाले को हेय दृष्टि से देखा जाता है। इसका एक कटु पहलू यह है कि पारंपरिक जीवन में जटिलता के साथ प्राप्त संसाधनों के प्रति जहॉं सम्मान और मूल्य की भावना निहित थी अब शासकीय नियंत्रण में भुगतान के साथ ही वह नैतिक मानदण्ड खंडित हो गया। सरकार के लिए तो यह आय का एक अच्छा स्रोत बन गया लेकिन इससे हमारे नैतिक मूल्य बुरी तरह प्रभावित हुए हैं जिनका दुष्परिणाम प्रत्येक धड़कन के साथ चुकाने को विवश हैं। ऋतुयें हमारे आहार-विहार को प्रभावित करती है। किसी ऋतु में कोई दोष बढ़ता है तो कोई शांत होता है। ऋषियों विद्वानों ने इन ऋतुओं में होने वाले प्रकोप, दोषवृद्धि का अध्ययन कर तदानुसार आचरण कर स्वस्थ्य रहने के नियम बताये। जैसे संक्रांति पर सूर्य के दक्षिणायन में अयन शब्द का अर्थ गति है अर्थात जब सूर्य की गति दक्षिण की ओर होती है तो उसकी किरणों के मंद और सौम्य होने से वातावरण में रस(जलीय तत्व) में वृद्धि होती है, इसे विसर्ग काल कहते हैं। सौम्य अवस्था में होने के कारण सूर्य और चन्द्र वातावरण में रसा का संचार करते हैं, जिसमें हवायें आदान काल की तरह शुष्क, गर्म और रूखी नहीं होतीं। वातावरण में चंद्रमा के सौम्य गुणों की प्रधानता होती है और ताप कम होता है। हवाओं, बादलों और वर्षा में ठण्डक रहती है। वातावरण में शीतलता के कारण औषध्यिों और खाद्य पदार्थों में स्निग्धता आ जाती है, इससे प्राणियों की शारीरिक शक्ति में वृद्धि होती है। चैत्र से भाद्र पक्ष में हुए उत्तरायण में सूर्य प्रचण्ड सूर्यरस(जलीय तत्व) का आदान (ग्रहण) करता है। सूर्य की किरणें प्रखर और हवाएं तीव्र, गर्म और रुक्ष होती हैं।

# क्या जैन समाज की राजनैतिक पकड़ कमजोर हैं !

### सूडोकु नवताल- 6111

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

जैन समाज की स्थिति राजनीति को छोड़कर बहुत अच्छी हैं। सामाजिक ,आर्थिक ,व्यापारिक आदि क्षेत्रो में जैन समाज का परचम फैला हुआ हैं। यहाँ तक कि यह समाज शांति प्रिय ,धर्म-भीरु और अपराधी प्रवत्ति से रहित हैं सात्विक आहार को अपनाती हैं। .सभी वर्ग जैन समाज को बहुत सम्मान से देखती हैं। जैन समाज में अपने जो भी कार्य होते हैं वह अन्य जैनेतर समाज से आर्थिक सहयोग की कभी भी अपेक्षा नहीं रखती। जैन समाज की समृद्धि का मुख्य कारण व्यापारिक मानसिकता के साथ बहुत कम प्रतिशत व्यसनी हैं जिससे उनका पैसा गलत स्थान में नहीं जाता। धर्म भीरु होने से धर्म में आस्था होने से वह जल्दी बहकती नहीं हैं। धर्म से वृद्धि होती हैं।

देश की आर्थिक उन्नति में 24 त्न योगदान कर के रूप में जैन समाज देती हैं। हर स्तर पर जैन समाज की मन से बहुत प्रशंसा की जाती हैं पर व्यवहारिक धरातल में सभी अन्य लोग ईर्ष्या करते हैं। कारण समृद्ध होने से ,आर्थिक स्वाबलंबन होने से वह अन्य पर अधिक आश्रित नहीं हैं ,इस कारण जैन अपने आपको श्रेष्ठ जरूर मानते हैं पर उनकी सामाजिक स्थिति दयनीय हैं। जब सामाजिक सरोकार की बात होती हैं तब वह नगण्य स्थिति में हैं।

वैसे जैन समाज की संख्या देश के अनुपात में 1त्न कम हैं । पर स्थानीय स्तर पर दिखावा अधिक होने से लगता हैं की वह बहुतायत में हैं। आज समाज



की स्थिति राजनैतिक क्षेत्र में लगभग शून्य सी हैं।

भोपाल राजधानी के अलावा जैन समाज का स्थान स्तरीय हैं पर राजनीति में उसकी स्थिति शून्य हैं। इसका उदाहरण आज प्रकाशित पार्षदों की सूची में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भोपाल में एक जैन महिला और कांग्रेस ने भी एक महिला को उम्मीदवार बनाया हैं। जिससे सिद्ध होता हैं की हम कितने बड़बोले हैं ,इसका मतलब समाज के तथाकथित स्वयभू नेता मात्र समाज में भाषणों की लफ्फाजी में अग्रणी हैं पर धरातल में धूल भी नहीं हैं। क्या यह चिंता का विषय नहीं हैं। ?इसका मतलब स्थानीय स्तर पर जैन समाज मात्र कागजों की शेर हैं ,राजनैतिक स्तर पर उसका प्रभाव शून्य ही समझा जाय जिस कारण समाज का कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं हैं। इसके लिए प्रभाव बनाना होगा जिससे पार्टियों से टिकिट मिले। यदि नहीं मिलती हैं तो स्थानीय स्तर पर जहाँ समाज की बहुलता हैं वहां समाज का प्रभावशाली व्यक्ति उम्मीदवार बनकर अन्य लोग सहयोग देकर विजयी बनाये।

राजधानी जैसे महत्वपूर्ण शहर में समाज की कोई महत्वपूर्ण योगदान न होना अत्यंत दुखद अध्याय हैं। हमारा सम्पन्न ,प्रतिष्ठित होना कोई मायने नहीं रखता और नहीं हो जो पार्टी का योग्य प्रतिनिधि हो चाहे वह निर्दलीय हो उसे जिताएं। हमारा पूरे देश और प्रान्त स्तर पर नगण्य प्रतिशत हैं ,इसका पुर्नवालोकन होना चाहिए। हम लोग मात्र करदाता ,प्रतिष्ठित ,धर्मभीरु मानकर संतोष करे यह भविष्य के लिए शुभ सन्देश नहीं हैं।

जब तक शासन ,प्रशासन में समाज की भागीदारी नहीं होगी ,तब तक हम आचार्यों द्वारा उद्घोषित योजनाओं को क्रियान्वित नहीं करा पाएंगे। धर्म भीरु का अर्थ कायरता नहीं। अहिंसा का मतलब हारना नहीं बल्कि शत्रु के ऊपर विजय प्राप्त करो ,अन्यथा हम भावहिंसा के भागीदार होंगे। वोट देने का अधिकार हमारा हैं तब हम ऐसे उम्मीदवार को विजयी बनाये जो हमारे कार्यों में सहयोग दे अन्यथा बहिष्कार करे या उसको हराएँ। यह हमारे लिए स्वर्णिम अवसर होगा एकता में ही ताकत हैं। .

**मत चूको जैन समाजियों ,अब चुके तो कब जागोगे**

**अपना प्रभाव दिखाओ ,अन्यथा चूहे के बिल में घुस जाओ।**

## शिवसेना-संकट के सबक

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

यह मानकर चला जा सकता है कि महाराष्ट्र की गठबंधन-सरकार का सूर्य अस्त हो चुका है। यदि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे अपने बाकी नेता एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री पद देने को भी तैयार हों तो भी यह गठबंधन की सरकार चलनेवाली नहीं है, क्योंकि शिंदे उस नीति के बिल्कुल खिलाफ हैं, जो कांग्रेस और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के प्रति ठाकरे की रही है। शिवसेना के बागी विधायकों की सबसे बड़ी शिकायत यही है कि ठाकरे ने अपनी कुर्सी के खातिर कांग्रेस और एनसीपी को न सिर्फ महत्वपूर्ण मंत्रालय सौंप दिए हैं बल्कि शिवसेना के विधायकों की वे ज़रा भी परवाह नहीं करते हैं। इसके अलावा ठाकरे के खिलाफ लगभग सभी शिवसेना के विधायकों की गंभीर शिकायत यह है कि मुख्यमंत्री अपने विधायकों को भी मिलने का समय नहीं देते हैं। विधायक अपने निर्वाचकों की शिकायतें दूर करने के लिए आखिर किसके पास जाएं? शिवसेना में बरसों से निष्ठापूर्वक सक्रिय नेताओं को इस बात पर भी नाराजी है कि शिवसेना ने हिंदुत्ववादी भाजपा का साथ छोड़ दिया और जिस कांग्रेस के खिलाफ बालासाहब ठाकरे ने शिवसेना बनाई थी, उद्धव ठाकरे उसी की गोद में बैठ गए। उद्धव ने किसी वैचारिक मतभेद के कारण नहीं, बल्कि व्यक्तिगत राग-द्वेष और आरोपों-प्रत्यारोपों के कारण भाजपा से वर्षों पुराना संबंध तोड़ लिया। शिवसेना को वे एक राजनीतिक पार्टी की तरह नहीं, बल्कि किसी सेना की तरह चलाते हैं। हर शिव सैनिक अपने कमांडर की हां में हां मिलाने के लिए मजबूर है। सेना से भी ज्यादा यह पार्टी एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है। जैसे बालासाहब की कुर्सी पर उद्धव जा जमे हैं, वैसे ही वे अपने बेटे आदित्य को अपनी कुर्सी पर जमाने के लिए उद्यत हैं। शिवसेना के अन्य नेताओं के मन में पल रही ये ही चिंगारियां आज ज्वाला के रूप में प्रकट हो रही हैं। शिंदे के पास 2/3 बहुमत की बात सुनते ही उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री निवास छोड़ दिया है। वे ऐसे बयान दे रहे हैं, जैसे उन्हें मुख्यमंत्री पद की कोई परवाह ही नहीं है। वे कह रहे हैं कि सरकार रहे या जाए, शिवसेना के लाखों कार्यकर्त्ता उनके साथ हैं। लेकिन इस सरकार के गिरने के बाद शिवसेना के ये कार्यकर्ता पता नहीं किधर जाएंगे? वे शिंदे को अपना नेता मानेंगे या उद्धव ठाकरे को? जाहिर है कि शिंदे अब कांग्रेस और शरद पवार से हाथ नहीं मिलाएंगे। उनकी गठबंधन सरकार अब भाजपा के साथ ही बनेगी। भाजपा उन्हें खुशी-खुशी उप-मुख्यमंत्री का पद देना चाहेगी।

# कानून हाथ में लेने की किसी को जरूरत नहीं: प्रेक्षक मिश्रा

### - चुनाव में बाधा पहुंचाने वालों पर आयोग के नियमों के तहत सख्त कार्रवाही होगी: कलेक्टर



**मुरैना।** उम्मीदवार चुनाव आयोग की नीति का पालन करें, चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करें, आदर्श आचार संहिता का पालन करें। प्रत्येक अभ्यर्थी चुनाव के अधिनियमों का पालन करें, कोई भी अभ्यर्थी दुष्प्रचार न करें, कानून हाथ में लेने की किसी को भी जरूरत नहीं। अन्यथा चुनाव नियमों के तहत सख्त कार्रवाही की जायेगी। यह बात राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक रविन्द्र कुमार मिश्रा ने आठों नगरीय निकायों के चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से टाउनहॉल मुरैना में गुरूवार को कही। इस अवसर पर कलेक्टर बी.कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एल्के पाण्डेय, एसडीएम मुरैना शिवलाल शाक्य सहित एमसीएमसी, व्यय लेखा देख रहे अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

प्रेक्षक रविन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा है कि चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी आदर्श आचार संहिता की रहती है। उम्मीदवारों को ऐसा कोई कार्य नहीं करना है, जिसकी वजह से चुनाव आयोग को विभस होकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाही करना पड़े। चुनाव आयोग की अधिसूचना के तहत हम, सभी प्रत्याशी चुनाव कराने की सीमा में बधे हुये है, इसलिये चुनाव को चुनाव की तरह उत्सव के रूप में लें। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे जिले का नाम धूमिल हो। ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाही होगी।

कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में खड़े हुये उम्मीदवारों के लिये व्यय की सीमा आयोग ने निर्धारित की है, जिसके तहत महापौर एवं पार्षद पद उम्मीदवारों को व्यय करने है। उन्होंने कहा कि महापौर पद के लिये व्यय सीमा 15 लाख, नगर निगम मुरैना के पार्षद पद हेतु 3.75 लाख रूपये निर्धारित की है। इसके अलावा नगर पालिका पार्षद पद हेतु एक-एक लाख रूपये और नगर पंचायत के पार्षद को 75 हजार रूपये व्यय की सीमा निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि नगर निगम एवं नगरीय निकायों में व्हीएसटी टीम क्षेत्रों में गोपनीय तौर पर भ्रमण कर रहीं है। व्यय की सीमा एवं अन्य गतिविधियों पर निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार को व्यय पुस्तिका प्रदान की गई है, जिसमें प्रतिदिन का व्यय पुस्तिका में अंकित करना है। चुनाव अवधि के दौरान तीन बार उसका अवलोकन नगर पालिक निगम के हॉल में गठित टीम को करना है। प्रत्येक पृष्ठ पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर होना जरूरी है। व्यय लेखा का हिसाब प्रस्तुत न करने पर आयोग के नियमों के तहत आने वाले समय में चुनाव से भी वंचित रखा जा सकता है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने कहा कि पुलिस प्रशासन चाकचौबंद है, सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। खूब प्रचार करें, किन्तु ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे पुलिस प्रशासन को कार्रवाही करना पड़े। अगर उम्मीदवारों को ऐसा लगता है कि कोई भी व्यक्ति चुनाव कार्य को प्रभावित कर सकता है, तो उसकी जानकारी संबंधित एसडीओपी को गोपनीय तौर पर उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति चुनाव कार्य में बाधा पहुंचाता है या नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ 122 की कार्रवाही कर 6 माह के लिये जेल भेज दिया जायेगा। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन ने व्यय लेखा, एमसीएमसी के बारे में विस्तार से समझाईश दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एल्के पाण्डेय ने कहा कि उम्मीदवार को पूरे व्यय लेखा में केबल नगद भुगतान एक फर्म को 20 हजार से अधिक नहीं करना है। एक बार में नगद 5 हजार से अधिक नहीं होगा, सभी भुगतान ऑनलाइन खातों में किये जायेंगे। जो खाता चुनाव के दौरान खुलवाया गया है। बैठक में व्यय लेखा से संबंधित एमएम बेग और एमसीएमसी के सदस्य, सचिव डी.डी.शाक्यवार ने भी जानकारी से अभ्यर्थियों को अवगत कराया।

## नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 के लिये सभा, रैली, जुलूस अनुमति देने के लिये अधिकारी नियुक्त

**मुरैना।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभा, रैली, जुलूस की अनुमति देने के लिये नगरीय निकायों में अलग-अलग अधिकारी नियुक्त कर दिये है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका पोरसा के लिये सहायक रिटर्निंग ऑफीसर अनिल राघव को नियुक्त किया है। नगर पालिका अम्बाह के लिये रिटर्निंग ऑफीसर राजीव समाधिया को नियुक्त किया है। नगर पालिक निगम मुरैना के लिये सहायक रिटर्निंग ऑफीसर शिवलाल शाक्य को नियुक्त किया गया है, नगर परिषद बानमौर के लिये रिटर्निंग ऑफीसर अनिरूद्ध मिश्रा को नियुक्त किया है, नगर परिषद जौरा के लिये रिटर्निंग ऑफीसर विनोद सिंह को नियुक्त किया है, नगर परिषद कैलारस के लिये रिटर्निंग ऑफीसर भरत कुमार को नियुक्त किया गया है, नगर पालिका सबलगढ़ के लिये रिटर्निंग ऑफीसर श्रीमती वंदना जैन को नियुक्त किया है और नगर परिषद झुण्डपुरा के लिये रिटर्निंग ऑफीसर श्रीमती मनीषा कोल को नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों से सभा, रैली या अन्य अनुमतियां ले सकेंगे।

## हाई स्कूल विज्ञान विषय की पूरक परीक्षा 2 जुलाई को होगी

**मुरैना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित वर्ष 2022 की हाईस्कूल पूरक परीक्षा के विज्ञान विषय की परीक्षा अब 2 जुलाई को होगी। पूर्व में यह परीक्षा एक जुलाई 2022 को निर्धारित थी। परीक्षा कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2022 की समय सारणी के दृष्टिगत संशोधन किया गया है। शेष विषय की परीक्षाएँ निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ही ली जायेगी।

## नगरीय निकाय निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी को मिलेंगे निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र

**मुरैना।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने बताया है कि मध्यप्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम में प्रावधान है कि कोई मतदान अभिकर्ता, कोई मतदान अधिकारी, कोई पीठासीन अधिकारी और कोई अन्य लोक सेवक जिन्हें रिटर्निंग ऑफिसर कर्त्तव्यारूढ़ माने, निर्वाचन कर्त्तव्य मतपत्र के हकदार होंगे। नगरीय निकाय निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को निर्वाचन कर्त्तव्य मतपत्र दिये जायेंगे। निर्वाचन मतपत्र के लिये आवेदन पत्र प्रारूप 19 में और निर्वाचन कर्त्तव्यारूढ़ मतदाता के द्वारा घोषणा प्रारूप 19 'ग' में नियत है।

# बैंकर्स लंबित कार्यों को पूर्ण करें: कलेक्टर

### डीएलसीसी की बैठक सम्पन्न




**मुरैना।** नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में डीएलसीसी की बैठक कलेक्टर बी. कार्तिकेयन की अध्यक्षता में बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त नगर निगम संजीव कुमार जैन, सहायक महाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक नरेंद्र कुमार धौणे, अग्रणी जिला प्रबंधक एन.के. मंगल, डीडीएम नाबार्ड आशीष श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर कर्नल कुमार एवं समस्त बैंकों के जिला समन्वयक, अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने समस्त बैंक प्रबंधकों एवं उनके अधीनस्थों को निर्देश दिये कि चुनाव कार्य में सभी अधिकारी अपना कार्य चुनाव संबंधी कर रहें है। ऐसी स्थिति में बैंकर्स अपनी बैंक में लंबित कार्यो को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। ऐसा न हो कि आचार संहिता होने के बाद बैंकर्स विभागीय कार्यो को प्राथमिकता से न करें। बचत खाते ओपन करने संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, एक जिला-एक उत्पाद, स्व-रोजगार योजना, पशुपालन एवं मत्स्य पालन के लिये केसीसी लोन हेतु चर्चा हुई। वर्तमान में विभिन्न बैंकों की पेंडिंग सीएम हेल्पलाइन के विषय पर चर्चा हुई। इसमें भारतीय स्टेट बैंक की शिकायतें अधिक पाई गई, जिस पर कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक बंद करने के निर्देश दिये।

## अम्बाह, पोरसा विकासखण्ड की 108 पंचायतों के लिये मतदान 25 को

### -अम्बाह, पोरसा मुख्यालय से मतदान दल मतपेटी लेकर आज होंगे रवाना

**मुरैना।** राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन-2022 के लिये अम्बाह, पोरसा विकासखण्ड के अन्तर्गत 108 पंचायतों में मतदान 25 जून 2022 को होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि अम्बाह, पोरसा विकासखण्ड की 108 पंचायतों के लिये 552 मतदान केन्द्र बनाये गये है, जिनमें 3 लाख 30 हजार 814 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। जिसमें 1 लाख 78 हजार 527 पुरूष, 1 लाख 52 हजार 363 महिला और 4 अन्य मतदाता है। पोरसा विकासखण्ड की 53 पंचायतों के लिये 259 मतदान केन्द्र बनाये गये है, इन पर 85 हजार 269 पुरूष, 73 हजार 416 महिला एवं 1 अन्य, अम्बाह विकासखण्ड की 55 पंचायतों के लिये 293 मतदान केन्द्र बनाये गये है। इनमें 93 हजार 258 पुरूष, 78 हजार 947 महिला एवं 3 अन्य मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिये मतदान प्रातः 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। इसके लिये जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। मतदान दल आज 24 जून को प्रातः शिवम् कॉलेज पोरसा से सामग्री प्राप्त करके पोरसा के मतदान केन्द्रों के लिये रवाना होंगे। अम्बाह के मतदान दल पीजी कॉलेज अम्बाह से मतपेटी लेकर अम्बाह जनपद पंचायतों के मतदान केन्द्रों के लिये रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 4 कर्मचारी रहेंगे। जिसमें पीठासीन अधिकारी, पी-1, पी-2 और पी-3 रहेंगे। इनके अलावा स्थानीय स्तर से पंचायत सचिव, कोटवार, पटवारी और आवश्यकतानुसार पुलिस बल साथ में रहेगा। उन्होंने बताया कि मतदान दलों को ओआरएस के पैकेट सहित अन्य दवाईयों की किट प्रदान की जायेगी। इसके अलावा सेक्टर ऑफीसर के साथ एक चिकित्सक आवश्यक दवायें लेकर साथ में रहेंगे।



## रोमांचक मैच में टीसीए की टीम ने धौलपुर को 55 रनों से हराया



**मुरैना।** धौलपुर और टीसीए के बीच टीएसएस स्कूल के मैदान पर एकदिवसीय मुकाबला खेला गया, जिसमें टीसीए की टीम में बेहता खेल का प्रदर्शन करते हुए धौलपुर की टीम को 55 रनों से हराकर शानदार जीत हांसिल की है। टीसीए के मुख्य कोच सचिन गुर्जर ने बताया कि टीसीए के कप्तान अनुराग पाराशर ने टॉस जीता कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीसीए की शुरुआत बहुत धीमी रही बाद मैं पारी को संभालते हुए अनुराग पराशर 39 और आशुतोष को तूफानी पारी 87 से टीसीए ने धौलपुर को 262 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी धौलपुर को टीम के कप्तान अभिराज ने बहुत अच्छी शुरुआत बेते हुए 82 रन बनाए पर वे अपनी टीम को जीत दिलाने मैं असफल रहे। उनके आउट होने के बाद टीसीए के गेंदबाज आशुतोष ने 5 विकेट और श्याम स्वामी ने 2 विकेट लेकर मैच का निर्णय बदल दिया। इस दौरान धौलपुर का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका और धौलपुर की पूरी टीम 207 पर पैवेलियन लोट गई। कोच श्री गुर्जर ने बताया कि टीसीए की इस जीत पर टीसीए ग्वालियर के कोच लवकेश चौधरी और भारत जाजोरिया सहित ट्रेनर विनय कुशवाहा ने हर्ष व्यक्त किया है।




# बकाया जलकर माफकरेंगे, सम्पत्ति कर में राहत देंगे: डॉ. शोभा सिकरवार





## कई वार्डो में किया जनसम्पर्क

**ग्वालियर।** कांग्रेस पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा है कि नगर निगम में बकाया जलकर के बिलों को माफ किया जायेगा और जलकर कम करने के लिये नियमों में संशोधन करेंगे। इसी तरह सम्पत्तिकर वसूली के स्लैब में बदलाव करते हुये लोगों को राहत दी जायेगी। यह बात उन्होंने जनसम्पर्क के दौरान आमजनों द्वारा बताई गई समस्याओं पर चर्चा करते हुये कही। उन्होंने कहा कि विकास व प्रगति के कार्यो को गति देने के साथ-साथ आमलोगों को राहत देने के लिये करों के बोझ को कम किया जायेगा। महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने वार्ड 41 में हनुमान चौराहा से, वार्ड 42 में पहाड़वाली माता नई सड़क से एवं वार्ड 60 में हुरावली हनुमान मन्दिर पर पूजा अर्चना करने के बाद डोर टू डोर जनसम्पर्क किया। महिलाओं ने पुष्पहार पहनाकर जगह-जगह स्वागत किया और तिलक लगाकर आरती उतारी। सैकढ़ों लोग जनसम्पर्क में शामिल रहे। जनसम्पर्क के दौरान आमजनों से चर्चा करते हुये कहा कि हम काम करने में विश्वास करते है। कोरोना काल में हमने घर-घर जाकर आमजन की सेवा की। सत्ता में बैठे लोग घरों से नही निकले। आज ग्वालियर में विकास पूरी तरह से पिछड़ गया है, ग्वालियर के विकास के लिये जरूरी है कि आपका आर्शीवाद मिले, कांग्रेस को जिताये, विकास की गारन्टी हमारी है। हमने 15 साल पार्षद रहते हुये जनसेवा, जन कल्याण के अनेक कार्य किये है और वार्डों में समुचित विकास किया है। शहर की पेयजल व्यवस्था को बनाये रखने के लिये ककेटो पहसारी एवं चम्बल से पानी लाने के प्रयासों को गति देंगे। ग्रामीण क्षेत्र के 6 वार्डो में भाजपा ने कोई विकास नहीं किया है। भाजपा के लोग चुनाव में नजर आते है, जनता की परेशानियों को हल करने के समय गायब हो जाते है। मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ कि कांग्रेस पार्टी आप सब की भावनाओं के अनुरूप काम कर शहर को सुन्दर व स्वच्छ बनायेगी, हम जो कहेंगे, वो करके दिखायेगे, यह हमारा वायदा है। इसके अलावा विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 9 में किला गेट हजीरा पुल के पास पोस्ती खाना से एवं वार्ड 10 में हनुमान मन्दिर ग्वालियर में जनसम्पर्क कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं के साथ किया। डॉ. सिकरवार ने कहा कि जनमानस का पहले की तरह इस चुनाव मे भी आर्शीवाद मिलेगा, कांग्रेस मजबूत होगी तो समस्याएं खत्म होगी।

## महेन्द्र मुणोत ने रक्तदान शिविर का आयोजित कर मनाया जन्मदिन



पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरु–** विजयनगर स्थित मारूति मेडिकल के तत्वाधान में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया ।जिसमें 168 लोगों ने रक्तदान किया ।ये कार्यक्रम महेन्द्र मुणोत के जन्मदिन पर सामाजिक जनजागृति अभियान के तौर पर आयोजित किया गया । इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए तथा सभी ने मुणोत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी तथा इच्छुक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया । महेन्द्र मुणोत ने अपने जन्मदिन पर सबको धन्यवाद देते हुए कहा कि जन्म लेना बड़ी बात है परन्तु रक्त का दान देना दूसरों को जीवनदान के समान है जो कि जन्मदिवस आयोजन से भी बड़ी बात है , इसलिए वे अपने जन्मदिन को रक्तदान अभियान के तौर पर मनाते है । इस मौके पर मुणोत के प्रशंसकों ने मुणोत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी ।

## नगर परिषद पिछोर वार्ड क्रमांक 2 से निर्दलीय उम्मीदवार होगी आरती त्रिपाठी

राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे



**पिछोर,** नगर परिषद पिछोर वार्ड क्रमांक 2 से निर्दलीय उम्मीदवार होगी श्रीमती आरती त्रिपाठी नया चेहरा वार्ड क्रमांक 2 से चुनावी दंगल में आरती त्रिपाठी द्वारा लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है जिसमें वार्ड क्रमांक 2 के समस्त नगर वासी खुशी जाहिर कर रहे हैं श्रीमती त्रिपाठी द्वारा बताया गया है कि अगर जनता ने मुझे चाहा तो मैं अवश्य ही लोगों के मुद्दों पर खरी उतर ऊंगी कोई भी समस्या हो वार्ड में तो हम सभी मिलकर उस समस्या का निदान करेंगे जनता जनार्दन का आशीर्वाद मिलता रहे और इसी तरीके से सभी का प्यार मुझे मिलता रहे इससे बढ़कर मुझे और क्या चाहिए मैं जनता की सेवा करना चाहती हूं और करती रहूंगी

## अज्ञात वाहन ने अज्ञात मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर युवक की हालत गंभीर।

### 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के द्वारा अज्ञात व्यक्ति को पहुंचाया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहगांव

उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड।** मेहगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत घटना बुधवार रात्रि 11-30 बजे की है मेहगांव भिंड रोड पर बजाज मोटरसाइकिल एजेंसी के सामने मोटरसाइकिल यू,पी92जे, 2140 से जा रहे अज्ञात व्यक्ति को किसी बाहन ने जोरदार टक्कर मारी दी और मौका देख कर वाहन को भगा ले गया, सड़क पर गिरते ही,अज्ञात युवक का सिर फट गया और लहूलुहान हो गया जिसके कारण इसकी हालत गंभीर हो गई,राहगीरों ने इसकी सूचना तुरंत 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के लिए दी गोरमी थाना 108 के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी ने ईएमटी दीपक के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे युवक की गंभीर हालत को देखते हुए अज्ञात युवक को शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहगांव में भर्ती कराया मेडिकल ऑफिसर शत्रुघ्न सिंह तोमर ने अज्ञात युवक की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत गोरमी थाना 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के द्वारा ही अज्ञात व्यक्ति को ग्वालियर जय रोग चिकित्सालय के लिए रेफर किया जिससे अज्ञात व्यक्ति की जान बचाई जा सके पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी ने बिना देरी किए अपने सहयोगी ईएमटी दीपक वर्मा के साथ अज्ञात युवक को लेकर शीघ्र ग्वालियर पहुंचे, जिससे उसका समय पर उपचार जारी हो सका और उस अज्ञात राहगीर की जान बचाई जा सके। मेहगांव थाना पुलिस अज्ञात युवक की जानकारी एकत्रित करने में जुटी है।

## महाविद्यालय के रसायन विभाग द्वारा हुआ कैंपस प्लेसमेंट

पुष्पांजली टुडे




**अम्बाह** स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रोजगार नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा रसायन शास्त्र विषय के स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु टी के एस सरस्वती लैब -बॉम्बे के लिए साक्षात्कार का आयोजन कराया गया जिसमें स्नातक अंतिम वर्ष के 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमे चार विद्यार्थी अपने साक्षात्कार में सफल रहे । इनमें तीन छात्राएं सोनम तोमर, महिमा वर्मा ,भारती सैनी तथा छात्र महेंद्र सिंह कुशवाह का चयन हो चुका है और नियुक्ति पत्र भी प्राप्त हो चुके है। कंपनी द्वारा अभी और अभ्यर्थियों का चयन लंबित रखा गया है। इसके अतिरिक्त स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष से अनेक विद्यार्थीयो का चयन पूर्व में टी के एस सरस्वती लैब -बॉम्बे के लिए हो चुका है। चंबल संभाग में अंबाह महाविद्यालय ही एक मात्र महाविद्यालय है जिसने अपने स्नातक विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट हेतु यह प्रयास किया है। इसके पूर्व रसायन विभाग द्वारा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु प्रतिवर्ष फार्मा कंपनियों के लिए विद्यार्थियों का प्लेसमेंट नियमित किया जाता रहा है। रसायन विभाग द्वारा अपने विद्यार्थियों को फार्मा क्षेत्र में और अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रमाण पत्र कोर्स भी चलाया जा रहा है जिसमें विद्यार्थी ना केवल ज्ञान अर्जित कर रहे हैं अपितु फार्मा कंपनी मैं साक्षात्कार हेतु स्वयं को तैयार कर रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शिवराज सिंह तोमर ने समस्त चयनित छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुये उनको नियुक्ति पत्र प्रदान किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

### रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ .वी.के. जैन ने

जानकारी दी कि रसायन विभाग कोविड काल में भी विभागीय विद्यार्थियों का फार्मा कंपनियों में लगातार प्लेसमेंट कराता रहा है इस सत्र में विभिन्न फार्मा कंपनियों में ऑनलाइन साक्षात्कार द्वारा विभाग से 08 विद्यार्थी सफल होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा आगे भी विभाग अन्य विद्यार्थियों के ऑनलाइन साक्षात्कार हेतु अन्य फार्मा कंपनियों के साथ लगातार संपर्क कर रहा है।इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा अपने स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु फार्मा कंपनियों में प्रशिक्षण का भी प्रयास किया जा रहा है । अभी तक जे बी मंगाराम, कैडबरी ,ऑर्बिट केम तथा जेके टायर जैसी कंपनियों से इस विषय में चर्चा की जा चुकी है इन कंपनियों द्वारा निकट भविष्य में कैंपस किए जाने की संभावना है। आज विद्यार्थियों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देने हेतु महाविद्यालय के रसायन विभाग के प्राध्यापक श्री मुकेश श्रीवास ,डॉ. रमाकांत शर्मा तथा डॉ. राम किशोर उपाध्याय भी उपस्थित थे।

## पुलिस थाना पिछोर ने कई वर्ष पुराने दो पक्षों के विवाद में समझौता कराया

राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे



**पिछोर,** ग्राम छीरवाहा में रहने वाले काशीराम परिहार ने थाना पिछोर में शिकायती आवेदन पत्र दिया था कि उसने 11 वर्ष पहले मीरा देवी लोधी पत्नी इमारत निवासी ग्राम छीरवाहा से कुछ रुपए उधार लिए थे बदले में 10 बिस्वा खेत ठेके पर दिया था लेकिन इमरत के लड़के ने ढाई बीघा जमीन में कब्जा कर लिया यह है विवाद कई वर्ष से लेन देन व जमीन के कब्जे को लेकर चल रहा था थाना पिछोर एसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ने काशी राम परिहार व उसके पुत्र राजेश तथा मीरा देवी लोधी व उसके पुत्र इंद्रपाल को ग्राम छीरवाहा के कोटवार करन परिहार से थाना बुलाकर दोनों पक्षों को समझाया गया दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से लेनदेन का विवाद सुलझाया मीरा देवी को काशीराम को डी रकम मिल गई व काशीराम परिहार को उसकी जमीन वापस मिल गई दोनों पक्ष पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट हो गए दोनों पक्षों ने लड़ाई झगड़ा का रास्ता छोड़कर राजीनामा कर समझदारी का परिचय दिया पुलिस की इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा ग्राम छिरवाहा के संपूर्ण ग्राम वासियों ने भी की है

## 06 पेटी अवैध शराब व एक 315 बोर देशी कट्टा , 01 जिंदा राउंड व अपाचे मोटरसाईकिल सहित 02 आरोपी गोहद चौराहा पुलिस कि गिरफ्त में



मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड** पुलिस द्वारा निष्पक्ष चुनाव कराने की प्रक्रिया के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ,श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश खरपूसे , तथा एसडीओपी गोहद श्री आर के एस राठौर के निर्देशन मे थाना गोहद चौराहा पुलिस द्वारा दिनांक 22/06/2022 की रात्रि को खनेता मोङ पर से चैकिंग के दौरान मुखबिर सूचना पर से आरोपी विकास पुत्र महेश बाल्मीक सिह उम्र 19 साल नि. पिंटो पार्क जडेरूआ शमशान घाट के पास थाना गोले का मंदिर ग्वालियर तथा पिंकू उर्फ शत्रुघ्न पुत्र रामनाथ जाटव उम्र 21 साल नि. ग्राम माता का पुरा थाना गोहद चौराहा के कब्जे से 6 पेटी अवैध शराब , एक 315 बोर का कट्टा , एक जिंदा राउंड ,मय बिना नम्बर की नीले रंग की अपाचे 160 सीसी मोटरसाइकिल के जप्त किया गया आरोपी चुनाव में खपाने ले जा रहे थे अवैध शराब, परिवहन के दौरान पकड़ी गयीं अवैध शराब आरोपी पिंकू के विरुद्ध लूट, डकैती कि तैयारी के 04 प्रकरण पूर्व से दर्ज है।

**सराहनीय भूमिका:** निरी. रविन्द्र शर्मा, उनि उपेन्द्र सिंह धाकङ, एएसआई अब्दुल शमीम ,एएसआई बीएल सविता, एएसआई राघवेन्द्र तोमर, एचसी रामनिवास ,आर. रामकुमार ,आर. तिलक , आर. पंकज ,आर. अमरदीप ,आर. मानसिंह की सराहनीय भूमिका रही

## अज्ञात कारणो से युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** पुराने शहर के छोला मंदिर इलाके में युवक द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना प्रकाश मे आई है। मृतक ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया फिलहाल इसके कारणो को खुलासा नहीं हो सका है, जिसकी जॉच पुलिस कर रही है। थाना पुलिस ने बताया कि मूल रुप से करवाई जिला विदिशा का रहने वाला 20 साल का आकाश मालवीय पुत्र रमेश मालवीय फिलहाल इलाके मे स्थित गीता नगर भानपुर में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार के पास रहकर प्रायवेट काम कर रहा था। बीती शाम करीब पांच बजे उसने रिश्तेदार के घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। हादसे की जानकारी लगने पर परिवार वाले उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकिर पहुचें लेकिन वहां ने उसे मृत घोषित कर दिया है। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भेज दिया। मर्ग कायम कर कारणो की जॉच मे जुटी पुलिस का कहना है, कि घटना स्थल ऐसा कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणो का खुलासा हो सके। पुलिस मृतक के परिवार वालो के ब्यान दर्ज करने के साथ ही उसे मोबाइल को भी खंगाल रही है।

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सूर्या रोशनी लिमिटेड एवं सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

अमित शर्मा

**मलानपुर ।** अवसर पर सूर्या रोशनी फैक्ट्री परिसर में लगभग 600 लोगों ने किया मिलकर योगाभ्यास जिसमें 350 सूर्या रोशनी के कर्मचारी एवं 250 प्लांट के आसपास के गांव से तिलोरी सिंह वारी खुमान का पूरा मालनपुर हरिराम का पूरा घिरोंगी बरेठा सर्वा के बच्चों ने भाग लिया

खुले आसमान के कतार बद्ध बच्चों और युवाओं को अशोक कुमार के द्वारा योगाभ्यास कराया गया

विक्रम के मुख्य अतिथि श्री आलोक शर्मा बीएमओ गोहद ने अपने संबोधन में कहा कि यदि हम अपने जीवन में योग को अपनाते हैं तो जीवन में कभी भी डॉक्टर की आवश्यकता नहीं पड़ेगी योग विश्व को भारत की देन है इसे व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है कार्यक्रम में स्टील पाइप डिवीजन के यूनिट हेड श्री मान सिंह शेखावत जी सूर्या रोशनी लाइट लाइट डिवीजन की यूनिट हेड श्री तपन कुमार बंदोपाध्याय जी श्री मुकुल चतुर्वेदी जीएम एचआर श्री सौरभ भार्गव सीसीओ श्री ललित कुमार तरू श्चह्म्श्स्त्रह्वष्ह्लद्बश्ठ श्री मुकेश राय डीजीएम एचआर सूर्या फाउंडेशन के श्री अशोक कुमार एवं सभी विभागो विभागाध्यक्ष गांव के सभी विलेज कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।




# रीजनल टेक्निकल अपडेट पर दो दिवसीय कार्यशाला का ग्वालियर में समापन......





**अमित शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर** फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मुख्यालय द्वारा आज होटल रेडिसन में ग्वालियर में लैड प्रोजेक्ट के अन्तर्गत चलने बाला क्षेत्रीय तकनीकी विस्तार पर कार्यशाला समापन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यालय की ओर से डॉ शामला अनंत दूपते कंसल्टेंट हेडक्कार्टर मुंबई द्वारा सभी को इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत आने वाले चैलेंजेस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की सभी समस्याओं को पावर प्रेजेंटेशन द्वारा समाधान किया। कार्यक्रम में मुख्यालय कि ओर से उषा राधाकृष्णन एम.एंड ई. मैनेजर द्वारा सभी को डाटा पर विस्तारपूर्वक बताया कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य एबं सभी का स्वागत मुख्यालय की ओर से डॉ रीमा जी द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर मेडिकल ऑफिसर द्वारा किया । कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष डॉ सीमा शर्मा जी ने की....

### लैड प्रोजेक्ट के अन्तर्गत क्षेत्रीय तकनीकी विस्तार कार्यशाला का होटल रेडिसन में प्रथम दिन का किया शुभारंभः

कार्यक्रम में ग्वालियर ब्रांच की ब्रांच मैनेजर श्रीमती नीलम दीक्षित जी ने गतिविधियों एवं प्रोजेक्ट पर किस प्रकार कार्य कर रहे है इस पर चर्चा की ।रीजनल तकनीकी कार्यशाला में अंतरास्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, आगरा, मुरहू, ग्वालियर ने हिस्सा लिया।रीजनल तकनीकी अपडेट का प्रथम दिन संपन्न किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्वालियर ब्रांच से संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेंद्र सिंह कुशवाह मेडिकल ऑफिसर डॉ स्मारिका दूबे डॉ नेहा आर्य जी. आर.रमेश पूजा शर्मा आशीष सोनी स्वाति तोमर वर्षा सोन आदि लोगो ने मुख्य भूमिका निभाई।

## भेल में यूनियन चुनाव के लिए मतदान



**भोपाल।** राजधानी के गोविंदपुरा इलाके में स्थित भेल कारखाने में यूनियनों के चुनाव आज संपन्न होंगे। इसके लिए मतदान प्रक्रिया सुबह आठ बजे से शुरू, जो शाम पांच बजे तक चलेगी। सुबह 11 बजे तक 50 प्रतिशत मतदान हो चुका है। देर रात तक चुनाव के परिणाम आएंगे। इस बार 2800 भेल कर्मचारी अपने मत पत्रों का प्रयोग करके तीन प्रतिनिधि यूनियनों को चुनेंगे। भेल प्रबंधन ने चुनाव कराने की व्यवस्था कर ली है। इसके लिए भेल कारखाने में कुल 10 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें नौ पोलिंग बूथ भेल कारखाने में रहेंगे। एक बूथ भेल नगर प्रशासक कार्यालय में बनाया गया है। मतदान प्रक्रिया भेल प्रबंधन व केंद्रीय सुरक्षा बल की देखरेख में चल रही है।साल 2016 में भेल यूनियन के चुनाव हुए थे। उस समय 3500 कर्मचारियों ने मतदान किया था। छह सालों में 700 कर्मचारी सेवानिवृत हो गए। इससे मतदाता कम हो गए। पिछले चुनाव में पहले स्थान पर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक), दूसरे पर आल इंडिया भेल एम्प्लाई यूनियन (एबु) और तीसरे स्थान पर भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) प्रतिनिधि यूनियन रही थीं। इस बार इन तीन यूनियनों के साथ ही भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स कामगार ट्रेड यूनियन (सीटू) और हेवी इलेक्ट्रिकल्स श्रमिक ट्रेड यूनियन (एचएमएस), कर्मचारी ट्रेड यूनियन (केटीयू), उत्कृष्ट मजदूर संघ (यूएमएस) ने भी चुनाव प्रचार में पसीना बहाया है।

### भोज विश्वविद्यालय के विद्यार्थी दीक्षा समारोह में पहनेंगे खादी परिधान

**भोपाल।** मप्र भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा छठवां दीक्षा समारोह अगस्त में आयोजित किया जाएगा। इस बार विवि द्वारा उन्हीं विद्यार्थियों को दीक्षा समारोह में उपाधि प्रदान की जाएगी, जो कार्यक्रम स्थल पर खादी व हथकरघा से निर्मित कपड़े पहनकर आएंगे। इसमें छात्राओं को सफेद क्रीम रंग की साड़ी या सलवार सूट और छात्रों के लिए सफेद क्रीम रंग का कुर्ता व पायजामा निर्धारित किया गया है। विवि के कुलसचिव डा. एलएस सोलंकी ने समस्त क्षेत्रीय निदेशकों, अध्ययन केंद्रों के प्राचार्य, समन्वयकों एवं वर्ष 2018 से वर्ष 2021 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं।

## पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण के मतदान के लिए तैयारियां पूरी

### 24 जून को रवाना होंगें मतदान दल, 25 जून को होगा मतदान

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट** जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के निर्वाचन के लिए प्रथम चरण में 25 जून 2022 को विकासखंड बैहर, परसवाड़ा, वारासिवनी एवं खैरलांजी के ग्रामों में मतदान कराया जायेगा। प्रथम चरण में 25 जून को होने वाले मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारी कर ली गई है। 24 जून को मतदान दल मतदान सामग्री लेकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हो जायेंगें। मतदान सामग्री का वितरण विकासखंड मुख्यालय से किया जायेगा। प्रथम चरण के मतदान वाले विकासखंडों में आज 23 जून को दोपहर 03 बजे से चुनाव प्रचार थम गया है।



### सामग्री वितरण के दौरान मतदान दलों की होगी संक्षिप्त ब्रीफिंग

मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण के दौरान संक्षिप्त ब्रीफिंग दी जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने सभी मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया है कि वे मतदान सामग्री वितरण स्थल पर मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया के संबंध में संक्षिप्त ब्रीफिंग दें और मतदान दल के किसी सदस्य को मतदान या मतगणना के संबंध में कोई कठिनाई हो तो आवश्यक प्रशिक्षण देकर उसकी समस्या का शीघ्र निराकरण करें।

### कारखानों एवं उद्योगों के श्रमिकों को भी मिलेगा मतदान के लिए अवकाश

मतदान के दिन सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें इसके लिए मतदान वाले विकासखंड के ग्रामों में सामान्य अवकाश रहेगा। इसके साथ ही कारखानों एवं उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों को मतदान की सुविधा के लिए मतदान के दिन साप्ताहिक अवकाश रखने कहा गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं उनमें कार्यरत श्रमिकों को प्रथम एवं द्वितीय पाली में दो-दो घंटे की सुविधा दी जायेगी। अर्थात प्रथम पाली नियमित समय से दो घंटे पहले बंद की जायेगी और द्वितीय पाली निर्धारित समय से दो घंटे बाद प्रारंभ की जायेगी।

### मतदान दलों के लिए भोजन एवं नाश्ते की दरें तय

मतदान कराने के लिए मतदान केन्द्रों पर पहुंचने वाले मतदान दलों के लिए मतदान केन्द्र पर ही भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था रहेगी। भोजन एवं नाश्ते की दर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा तय कर दी गई है। एक समय के भोजन के लिए 60 रुपये एवं नाश्ते के लिए 20 रुपये की दर निर्धारित की गई है। मतदान दल के सदस्यों द्वारा भोजन एवं नाश्ते की राशि का नगद भुगतान किया जायेगा। मतदान दलों को भोजन एवं नाश्ता शालाओं में मध्यान्ह भोजन प्रदान करने वाले स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदान किया जायेगा।

### 195 बसों एवं 23 जीपों का होगा उपयोग

प्रथम चरण में चार विकासखंड बैहर, परसवाड़ा, वारासिवनी एवं खैरलांजी के ग्रामों में होने वाले मतदान के लिए मतदान दलों को पहुंचाने 195 बसों एवं 23 जीपों की व्यवस्था की गई है। बैहर विकासखंड के 147 मतदान दलों के लिए 45 बसों एवं 13 जीप, परसवाड़ा के 151 मतदान दलों के लिए 42 बसों, वारासिवनी के 210 मतदान दलों के लिए 60 बसों व 05 जीपों तथा खैरलांजी विकासखंड के 204 मतदान दलों के लिए 48 बसों एवं 05 जीपों का इंतजाम किया गया है। मतदान दलों के लिए आवश्यक सभी वाहन संबंधित विकासखंड मुख्यालय पहुंचा दिये गये है।

### मतपत्र से होगा मतदान

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन-2022 में पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन के लिए मतपत्र से मतदान कराया जायेगा। इसके लिए मतपत्रों के रंग निर्धारित हैं। पंच पद के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र होगा। एक मतदाता को चार पदों के लिए अपनी पसंद के उम्मीदवार के लिए मतपत्र पर सील लगाकर मतदान करना होगा और अपना मत मतपेटी में डालना होगा। मतदान के बाद मतदान केन्द्र पर मतगणना होगी। मतदान का समय प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक निर्धारित है।

### मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने प्रथम चरण में 25 जून को चार विकासखंड के ग्रामों में होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर मतदान करने आयें। लोकतंत्र की मजबूती एवं गांव के विकास के लिए सभी मतदाताओं का मतदान करना आवश्यक है। मतदाता किसी के प्रलोभन या बहकावे में आये बगैर स्वयं के विवेक से अपनी पसंद के उम्मीदवार के लिए मतदान करें। यदि कोई व्यक्ति मतदाता को किसी प्रत्याशी विशेष के पक्ष में मतदान करने या मतदान न करने के लिए डराया, धमकाया जाता है तो तत्काल मतदान केन्द्र पर मौजूद सुरक्षा बल के जवानों को सूचित करें। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता एवं व्यापक इंतजाम किये गये है।



## विद्यार्थियों को स्कूल में ही मिलें जाति और मूल निवासी प्रमाण पत्र

**भोपाल।** प्रदेश में ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जिससे मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र और भूमि से जुड़े दस्तावेज के लिए लोगों को शासकीय कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विद्यार्थियों को स्कूल में ही जाति और मूल निवासी प्रमाण पत्र मिल जाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को सिंगल सिटीजन डाटाबेस को लेकर समीक्षा बैठक में व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।उन्होंने कहा कि सभी लोगों के आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए ग्राम स्तर पर अभियान चलाया जाए। जिन प्रदेशवासियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है और जो बाकी रह गए हैं, उनकी जानकारी एक स्थान पर उपलब्ध रहे। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं, कमियों और हितग्राहियों की परेशानियों को चिह्नित करने की व्यवस्था भी विकसित की जाए। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि समग्र डाटाबेस को विस्तार दिया जाएगा। इसमें पंजीकृत नागरिकों का ई-केवाईसी किया जाएगा। इससे सदस्य को प्राप्त योजनाओं के लाभ की जानकारी आसानी से मिल जाएगी। अब तक लगभग 48 लाख जाति प्रमाण पत्र की समग्र के साथ मैपिंग पूरी हो गई है। बैठक में हितग्राहीमूलक योजनाओं में समग्र का उपयोग सुनिश्चित करने, विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए एकल फार्म बनाए जाने और विवाह प्रमाण पत्र बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया को समग्र पोर्टल पर विकसित करने पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार, प्रमुख सचिव वित्त मनोज गोविल, प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अमित राठौर, प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम नंदकुमारम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## लक्षणों से पता लगाएं कि कहीं आपको भी तो नहीं पीसीओडी

**भोपाल।** क्या चेहरे में बहुत बाल हैं और पिंपल की शिकायत है? क्या आपकी शादी को बहुत समय हो गया है और कई कोशिशों के बाद भी मां नहीं बन पा रही हैं ऐसा है तो बेहतर होगा कि आप डाक्टर से मिले। हो सकता है कि पीसीओडी/ पीसीओएस हो। पीसीओडी यानी पालिसिस्टिक ओवरी डिजीज। इसे पीसीओएस भी कहते हैं यानी पालिसिस्टिक ओवरी सिंड्रॉम। ये समस्या महिलाओं से तेजी से बढ़ रही है।

# जितेन्द्र सिंह रघुवंशी( जीतू ) बने MP वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के जिला अध्यक्ष

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-MP वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन में बड़ा फेरबदल हुआ है और संगठन नई रीति-नीति से मजबूती की दिशा में आगे बढ़ रहा है इसी क्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राधाबल्लभ शारदा ने जितेन्द्र सिंह रघुवंशी ( जीतू ) को शिवपुरी जिला इकाई का नवीन जिला अध्यक्ष नियुक्त किया । हालांकि, जीतू इससे पहले भी पत्रकार संगठन की राजनीति में सक्रिय योगदान देते रहे हैं और अब वो नई जिम्मेदारी मिलने पर आशान्वित हैं। जितेन्द्र सिंह रघुवंशी का कहना है कि वो पत्रकार हित में संगठन की ओर से हमेशा आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने बताया कि वो अजय शर्मा और गुरू शरण शर्मा के साथ मिलकर जल्द ही नई जिला इकाई का गठन करेंगे। गौरतलब है कि स्क्क वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विनय अग्रवाल एवं संभागीय अध्यक्ष श्री अजय शर्मा समेत संगठन के सदस्यों की अनुशंसा पर जीतेंद्र रघुवंशी की नियुक्ति की गई है।




### नियुक्ति के बाद लगा बधाइयों का तांता

नई जिम्मेदारी मिलने पर विभिन्न पत्रकार और सामाजिक लोगों की ओर से जीतेंद्र रघुवंशी को बधाइयाँ मिलनी शुरू हो गई हैं । इस मौके पर अजय शर्मा, के.के. दुबे, सौरभ दुबे, बंटी धाकड़ , अभय प्रताप सिंह चौहान ,जनक सिंह रावत , हेमन्त ओझा जी ,हेमंत यादव बडौदी,शुभम गर्ग (मामा ),जितेंद्र सेन ,राजीव सक्सेना ,दिलीप सेन पत्रकार, भरत ओझा ,छोटू सेन, शुभेन्द्र ओझा, युवराज सिंह ,आकाश, श्रीवास्तव ,प्रतीक माथुर ,कुणाल ठाकुर ,विशाल ठाकुर, मोहित ठाकुर,रविन्द्र गुर्जर ने नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं । इनके अलावा मध्यप्रदेश के अन्य जिलों के पदाधिकारियों ने भी फोन पर बधाई दीं !

## व्यय लेखा पंजी प्रस्तुत करने हेतु वार्डवार समस्त अभ्यर्थियों हेतु दिनांक निर्धारित

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद ।** पार्षद पद का चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों को म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 32 ख में प्रावधान अनुसार प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा धारा 32 क के अधीन रखे गये निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देषों के क्रम में रिटर्निंग ऑफीसर / अधिकृत अधिकारी को चुनाव प्रचार के दौरान कम से कम तीन बार व्यय लेखा पंजी का अवलोकन/ निरीक्षण हेतु कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करना होगा। व्यय लेखा पंजी के भरे हुए पृष्ठों की दो-दो छायाप्रतियां साथ में लाना अनिवार्य है। व्यय लेखा पंजी प्रस्तुत करने हेतु वार्डवार समस्त अभ्यर्थियों के लिए दिनांक निर्धारित की गई है। एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफीसर नगर पालिका परिषद गोहद शुभम शर्मा ने बताया कि वार्ड क्र. 1, 2,3,4,5, 6,का लेखा प्रथम निरीक्षण 27 जून 2022 को द्वितीय निरीक्षण 01 जुलाई 2022 को एवं तृतीय निरीक्षण 7 जुलाई 2022 को उक्त वार्डो के समस्त अभ्यर्थियों का मीटिंग हॉल नगर पालिका गोहद में प्रस्तुत किया जावेगा। इसी प्रकार वार्ड क्र. 7,8, 9,10,11,12 का प्रथम लेखा निरीक्षण 28 जून 2022 को, द्वितीय निरीक्षण 4 जुलाई 2022 को एवं तृतीय लेखा निरीक्षण 8 जुलाई 2022 को उक्त वार्डो के समस्त अभ्यर्थियों का मीटिंग हॉल नगर पालिका गोहद में प्रस्तुत किया जावेगा। वार्ड क्र. 13,14,15,16,17,18 का प्रथम लेखा निरीक्षण 29 जून 2022 को, द्वितीय निरीक्षण 5 जुलाई 2022 को एवं तृतीय लेखा निरीक्षण 9 जुलाई 2022 को मीटिंग हॉल गोहद में उक्त वार्डो के समस्त अभ्यर्थियों का व्यय लेखा पंजी प्रस्तुत की जावेगी ।



# मुनिश्री के सानिध्य में कोटेश्वर रोड चिंतामणि पारसनाथ जैन मंदिर का भूम पूजन शिलान्यास कार्यक्रम हुआ

### जो व्यक्ति वैचारिक रुप से जितना समृद्ध होता हैं, वह व्यक्ति उतना समृद्धशाली होता हैं-मुनिश्री

### शिलान्यास से पहले भगवान जीनेद्र का अभिषेक व शांतिधारा हुई।

ग्वालियर। जो व्यक्ति वैचारिक रुप से जितना समृद्ध होता हैं, वह व्यक्ति उतना समृद्धशाली होता चला जाता हैं। महान व्यक्तित्व के धनी अपने नौकर चाकर से भी विनम्रता का ही व्यवहार करते हैं।हितकारी बोलें, मधुर बोलें, कभी भी ऐसे शब्द न बोलें जो पापकारी हों। यह विचार श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने आज गुरुवार को कोटेश्वर रोड स्थित श्री चिंतामणि पारसनाथ जैन मंदिर का भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही।

मुनिश्री ने कहा कि जैन धर्म में हिंसात्मक शब्दों का प्रयोग भी हिंसा हैं। शब्दों को लेकर सभी को सजग और सावधान रहने की आवश्यकता है। जिसके मुख में मिठास, उसका हर दिल में निवास। जिसके मुख में खटास, कोई न फटके उसके पास॥ यदी आप दूसरों की मजाक उ?ाओंगे तो कल तुम्हारी भी जग हंसाई ही होगी। इस मौके पर मंदिर समिति के सुभाष जैन दाऊ, अक्षय जैन दानी, अशोक जैन, विपुल जैन, अजय जैन, आदि ने मुनिश्री के चरणों श्रीफल भेंटकर मंगल आर्शीवाद लिया!



**मुनिश्री ने भगवान जीनेद्र का अभिषेक व शांतिधारा कराई.**

मुनिश्री विनय सागर महाराज ने शिलान्यास कार्यक्रम से पहले विधानचार्य पंडित अनुभव प्रकाश जैन ने मंत्रो का उच्चारण कर जैन समाज के लोगो ने पीले वस्त्र धारण कर भगवान जिनेंद्र का अभिषेक किया। मुनिश्री विनय सागर महाराज ने मुख्यबिंद मंत्रो से जिनेंद्र भगवान की शांतिधारा कराई। जैन समाज के लोगों ने भगवान की दीपो से आरती उतारी।

**इन्हें मिला भूमि शिलान्यास करने का सौभाग्य**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज के मंगल सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य पंडित अनुभव प्रकाश जैन ने मंत्रो के साथ पार्श्वनाथ मंदिर की मुख्य शिलान्यास ॠषभ दास जैन, घासीलाल जैन, सतीश जैन, राजेन्द्र जैन, गणेशीलाल जैन, महेश जैन ने किया। वही प्रथम आधार शिला महेश चंद जैन परिवार एवं दूसरी आधार शिला सवा सिंघाई संतोष जैन उषा जैन विजय नगर चेतकपुरी राखी। वही महिलाएं, पुरुषों ने मंदिर की शिलाएँ रखी!

### मंदिर बनवाने व जीर्णोद्धार कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य

मुनिश्री ने कहा कि मंदिर निर्माण करने से बड़ा और कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। इससे हमारी भारतीय संस्कृति सुरक्षित रहती है। मंदिर किसी धर्म संप्रदाय की पहचान हुआ करती है। जब मंदिर क्षतिग्रस्त हो जाए या जीर्णशीर्ण अवस्था को प्राप्त हो जाए तो उसका पुन॰ निर्माण और जीर्णोद्धार जरूरी हो जाता है।

## पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन की सभी तैयारियाँ समय रहते पूर्ण करें

**संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने गूगल मीट के माध्यम से की समीक्षा**

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022 की सभी तैयारियाँ समय रहते पूर्ण करें। मतदान केन्द्रों पर वर्षा को देखते हुए पुख्ता प्रबंध किए जाएँ। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने गुरूवार को गूगल मीट के माध्यम से ग्वालियर-चंबल संभाग में निर्वाचन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए यह बात कही। गूगल मीट के माध्यम से ग्वालियर ङ्क चंबल संभाग के सभी जिला कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सीईओ जिला पंचायत एवं निर्वाचन से जु? अधिकारी शामिल थे। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कहा है कि मतदान दलों में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो यह सुनिश्चित किया जाए। मतदान केन्द्र पर दल के सदस्यों को भोजन पानी की व्यवस्था भी हो। मतदान केन्द्रों पर पेयजल के साथ-साथ पर्याप्त रोशनी का भी प्रबंध किया जाए। वर्षा ॠतु को देखते हुए मतदान केन्द्र एवं आसपास के क्षेत्र में जल भराव न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने यह भी कहा कि मतदान केन्द्र तक पहुँचाने के लिए पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था की जाए। रिजर्व वाहनों को विकेन्द्रीयकृत कर ख?ा करने की व्यवस्था की जाए।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



ग्वालियर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी? ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सहयोगी संस्था राजयोग एजुकेशन एण्ड रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विंग द्वारा सिम्स मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं मीर पैथोलोजी के सहयोग से ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी के 57 वें पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में ÷निश्शुल्क मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य परिक्षण शिविर÷ का आयोजन हुआ। यह शिविर ब्रह्माकुमारी? प्रभु उपहार भवन माधौगंज में किया गया जो कि प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला 7 इसमें लगभग 300 से भी अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

इस शिविर में मीर पैथोलॉजी द्वारा ब्लड शुगर व कोलेस्ट्रोल की जांच नि॰शुल्क की गयी।

साथ ही ब्रह्माकुमारीज के द्वारा नशा मुक्ति के लिए भी लोगो को जागरूक किया गया।

शिविर मे सिम्स हॉस्पिटल से विशेषज्ञ डॉ. बी. के. गुप्ता (एम.एस.), डॉ. नम्रता दण्डोतिया (स्त्री रोग विशेषज्ञ), नेत्र सहायक युवराज सिंह, दीपक कुरसेना, एन.बी. भार्गव, अमित सिंह भदौरिया, भूपेंद्र भदौरिया कमल चोहान, सिस्टर निशा उपस्थित थे।

ब्रह्माकुमारीज संस्थान से लश्कर की मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी आदर्श दीदी, ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी, बी.के. प्रहलाद भाई, बी.के. सुरभि, बी.के. रोशनी, बी.के.खुशबू, बी.के. विजेंद्र सहित अनेकानेक सेवाधारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

मीर पैथोलोजी से आकाश रावत, लोकेन्द्र, अरविन्द, संतोष उपस्थित थे।

इस अवसर नशा मुक्त भारत अभियान के सदस्य पूर्वी अग्रवाल, खुशबू, निशांत भी उपस्थित रहे।

शिविर के अंत में ब्रह्माकुमारी आदर्श दीदी ने डॉक्टर्स की टीम एवं अन्य सदस्यों को खुश रहनें के टिप्स दिए एवं मैडिटेशन के वारे में सभी को बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑल इंडिया : कराते चैंपियनशिप में प्रियांक ने गोल्ड एवं निहारिका ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



कराते-डो एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर के कराते का प्रियांक भदौरिया ने म प्र स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए जूनियर बॉयज केटेगरी की कुमिते स्पर्धा में अद्भुत प्रदर्शन कर प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं महिलाओं की सीनियर केटेगरी में -68 कि ग्रा भार वर्ग की कुमिते स्पर्धा में निहारिका कौरव ने कांस्य पदक जीता। इन दोनों करातेका? के अलावा जूनियर बालिका वर्ग की काता स्पर्धा में ऊर्जा कुशवाह एवं अंडर 21 सीनियर वर्ग की काता स्पर्धा में वैष्णवी पाण्डेय, ने अपने अपने पूल में शीर्ष 6 खिला?ियों में दूसरे नम्बर पर रहते हुए कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में कॉंस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में मामूली अंतर से पिछ? कर, पदक से वंचित रह गई। ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप का आयोजन कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन के बैनरतले कराते डो एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र के द्वारा दिनांक 16 से 19 जून तक पुणे बालिवा?ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया था। कराते-डो एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर के अध्यक्ष डॉ केशव पाण्डेय एवं सभी पदाधिकारियों ने पदक विजेताओं और उनके प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए, भविष्य में और अच्छे प्रदर्शन के लिए तैयारी करने को प्रेरित किया है।

### बात से नहीं काम से नई ऊर्जा नई उड़ान से

**नगर निगम ग्वालियर के वार्ड क्रमांक 5 से भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी रिंकू परमार**



ग्वालियर। आपके अपने प्रिय ऊर्जावान अनुभवी कर्मठ जुझारू मिलन अनुसार पार्षद पद हेतु स्वतंत्र प्रत्याशी रिंकू परमार को भारी मतों से विजय बनाएं रिंकू परमार के पिता ने बताया कि मेरी बहू बीजेपी से इस वार्ड 5 से पार्षद रही है वार्ड में किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आने दी पानी बिजली नल सीवर लाइन रोड समस्या नहीं आने दी वार्ड के अंदर काफी अच्छा । बीजेपी पार्टी से इस बार मेरे बेटे रिंकू को टिकट मिला है विकास किया है और हमें पूरी उम्मीद है इस बार मेरा बेटा रिंकू परमार वार्ड क्रमांक 5 से भारी मतों से विजय होंगे।

### आठ आदतन अपराधी जिला बदर

ग्वालियर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आठ अपराधियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। इनमें से एक अपराधी को एक वर्ष के लिए, चार अपराधियों को छ॰ - छ॰ माह, एक अपराधी को चार माह एवं दो अपराधियों को तीन ङ्क तीन माह के लिए जिला बदर किया गया है। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर लोक शांति एवं जन सुरक्षा को ध्यान में रखकर जिला दण्डाधिकारी ने इन अपराधियों को जिला बदर करने के अलग-अलग आदेश जारी किए हैं। जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आदतन अपराधी रौनक बाथम निवासी गड्डा वाला मोहल्ला महा?िक की गोठ थाना क्षेत्र कम्पू को एक साल के लिये जिला बदर करने का आदेश जारी किया है। इसी तरह आदतन अपराधी चाँद खाँ निवासी शंकरपुर बहो?ापुर, अनिल राजावत निवासी ग्राम बगियापुरा थाना मछाण्ड हाल निवास पवनसुत कॉलोनी थाना क्षेत्र सिरोल, अजय धाक? निवासी गणेश कॉलोनी संस्कार गार्डन के सामने ज?रूआ पिंटो पार्क थाना क्षेत्र गोले का मंदिर व सौरभ यादव निवासी बीजासेन माता मंदिर के पास ज?रूआ पिंटो पार्क थाना क्षेत्र गोले का मंदिर को 6 ङ्क 6 माह के लिये जिला बदर किया गया है।

# बकाया जलकर माफ करेंगे,सम्पत्ति कर में राहत देंगे : डॉ. शोभा सिकरवार

### कई वार्डो में किया जनसम्पर्क

ग्वालियर। कांग्रेस पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा है कि नगर निगम में बकाया जलकर के बिलों को माफ किया जायेगा और जलकर कम करने के लिये नियमों में संशोधन करेंगे। इसी तरह सम्पत्तिकर वसूली के स्लैब में बदलाव करते हुये लोगों को राहत दी जायेगी। यह बात उन्होंने जनसम्पर्क के दौरान आमजनों द्वारा बताई गई समस्याओं पर चर्चा करते हुये कही। उन्होंने कहा कि विकास व प्रगति के कार्यो को गति देने के साथ-साथ आमलोगों को राहत देने के लिये करों के बोझ को कम किया जायेगा।

महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने वार्ड 41 में हनुमान चौराहा से, वार्ड 42 में पहाड़वाली माता नई सड़क से एवं वार्ड 60 में हुरावली हनुमान मन्दिर पर पूजा अर्चना करने के बाद डोर टू डोर जनसम्पर्क किया। महिलाओं ने पुष्पहार पहनाकर जगह-जगह स्वागत किया और तिलक लगाकर आरती उतारी। सैकढ़ों लोग जनसम्पर्क में शामिल रहे। जनसम्पर्क के दौरान आमजनों से चर्चा करते हुये कहा कि हम काम करने में विश्वास करते है। कोरोना काल में हमने घर-घर जाकर आमजन की सेवा की। सत्ता में बैठे लोग घरों से नही निकले। आज ग्वालियर में विकास पूरी तरह से पिछड़ गया है, ग्वालियर के विकास के लिये जरूरी है कि आपका आर्शीवाद मिले, कांग्रेस को जिताये, विकास की गारन्टी हमारी है। हमने 15 साल पार्षद रहते हुये जनसेवा, जन कल्याण के अनेक कार्य किये है और वार्डों में समुचित विकास किया है। शहर की पेयजल व्यवस्था को बनाये रखने के लिये ककेटो पहसारी एवं चम्बल से पानी लाने के प्रयासों को गति देंगे। ग्रामीण क्षेत्र के 6 वार्डो में भाजपा ने कोई विकास नहीं किया है। भाजपा के लोग चुनाव में नजर आते है, जनता की परेशानियों को हल करने के समय गायब हो जाते है। मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ कि कांग्रेस पार्टी आप सब की भावनाओं के अनुरूप काम कर शहर को सुन्दर व स्वच्छ बनायेगी, हम जो कहेंगे, वो करके दिखायेगे, यह हमारा वायदा है।














स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478